

# सही कार्य करना

## आचार संहिता

Johnson Matthey
Inspiring science, enhancing life

## हमारी संहिता

हमारी संहिता आपको उन सिद्धांतों, मानकों और जॉनसन मैथे की नीतियों के बारे में जानने और समझने में सहायता करेगी जो कि जॉनसन मैथे के साथ आपके काम पर लागू होती हैं।

यह चार भागों में विभाजित है: **लोग**, **बाज़ार**, **कंपनी** और **ग्रह**।

विषय के आधार पर, हमारी पूरी संहिता में आपको इससे सम्बंधित जानकारी मिलेगी कि सहायता के लिए कहां जाना है।


सुनिश्चित करें कि आप इसकी विषय-वस्तु को विस्तार से जानें।

जॉनसन मैथे के साथ अपनी भूमिका से संबंधित विषयों के बारे में ध्यान से सोचें और यदि आपको और मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो मदद मांगें। सहायक नीतियों और मानकों की एक सूची पृष्ठ 88 पर है।

यदि आपके कोई सामान्य प्रश्न हैं, या आप किसी चीज़ के बारे में **बात करना** चाहते/चाहती हैं, तो अधिक जानकारी के लिए कृपया पृष्ठ 10 देखें।

### हमारी संहिता ऑनलाइन

देखने के लिए यहाँ जाएं
**ethics.johnsonmatthey.com**



### हमारी प्रतिबद्धताएं

हमारी संहिता में छः प्रतिबद्धताएं हैं जो हम सही कार्य कर रहे हैं यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी निर्णय लेने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने में सहायता करे। मैं वचनबद्ध हूँ:

- संहिता में दिए सिद्धांतो को समझने और उनका पालन करने के लिए
- मदद मांगने और जब मुझे कोई चिंता हो, तो **आवाज़ उठाने** के लिए
- सुरक्षित रूप से काम करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए
- उत्तरदायित्व पूर्ण रूप से, न्यायसंगत और विधि के अनुसार कारोबार को करना
- जॉनसन मैथे के ब्रांड, संपत्तियों और प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए
- जॉनसन मैथे की एक वहनीय व्यापार बनाने की महत्वाकांक्षा का समर्थन करने के लिए

## परिचय

मैं संहिता के नियमों को समझने और उनका पालन करने के लिए वचनबद्ध हूँ

| | |
|---|---|
| हमारे चीफ एक्ज़िक्यूटिव की तरफ से एक संदेश | 2 |
| हमारी संहिता को परिपेक्ष्य में रखना | 4 |
| सही कार्य करना | 6 |
| कोई कुछ ग़लत क्यों करेगा? | 8 |
| अच्छे निर्णय लेना | 9 |
| मदद मांगना और बोल उठना | 10 |
| मैं इसके लिए वचनबद्ध हूँ... | 13 |

## लोग

| | |
|---|---|
| मैं सुरक्षित रूप से काम करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए वचनबद्ध हूँ | 16 |
| स्वास्थ्य और सुरक्षा | 18 |
| एक सकारात्मक कार्य परिवेश | 21 |
| डेटा संरक्षण | 24 |
| मानव अधिकार | 26 |
| हितों का टकराव | 29 |

## बाज़ार

| | |
|---|---|
| मैं ज़िम्मेदारीपूर्वक, न्यापूर्ण तरीके से और कानून के अनुसार व्यापार करने के लिए वचनबद्ध हूँ | 32 |
| तीसरे पक्ष | 34 |
| रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार | 37 |
| उपहार और आतिथ्य | 40 |
| न्याययुक्त प्रतिस्पर्धा | 43 |
| वित्तीय अपराध | 46 |
| व्यापार और निर्यात नियंत्रण | 49 |
| लेनदेन में चेतावनी के संकेत | 52 |

## कंपनी

| | |
|---|---|
| मैं जॉनसन मैथे की ब्रांड, सम्पत्तियों तथा प्रतिष्ठा की संरक्षा करने के लिए वचनबद्ध हूँ | 54 |
| कॉर्पोरेट सुरक्षा | 56 |
| जानकारी की सुरक्षा | 59 |
| बौद्धिक संपदा | 62 |
| व्यापार और वित्तीय रिपोर्ट देना | 64 |
| रिकॉर्ड की सटीकता | 66 |
| बाह्य संचार करना | 68 |
| सोशल मीडिया | 71 |
| अंदरूनी जानकारी | 73 |

## पृथ्वी

| | |
|---|---|
| मैं जॉनसन मैथे की एक वहनीय कारोबार का सृजन करने की अभिलाषा का समर्थन करने को वचनबद्ध हूँ | 76 |
| हमारी आपूर्ति श्रृंखला की सत्यनिष्ठा | 78 |
| पर्यावरण | 81 |
| उत्पाद प्रबंधक पद | 83 |
| सामुदायिक निवेश | 85 |

# हमारे चीफ एक्ज़िक्यूटिव की तरफ से एक संदेश



" हम सभी को अपने रोज़मर्रा के काम में नैतिक रूप से व्यवहार करने और बढ़िया फ़ैसले लेने के लिए उत्तरदायित्व लेने की ज़रूरत है। "

आचार संहिता (Code of Ethics) में आपका स्वागत है, जो JM में सही तरीके से काम करने के लिए हमारी मार्गदर्शक है।

हमारे कारोबार में, हम सही तरीके से काम करने के बारे में बहुत सी बातें करते हैं और इसका कारण यह है कि यह हमारे द्वारा किए जाने वाले हर काम का आधार है। कार्यस्थल में एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के तरीके से लेकर ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, और दूसरे तृतीय पक्षों के साथ कारोबार करने के हमारे तरीके तक, हमारे व्यवहार का तरीका नैतिक और हमारे मूल्यों के अनुरूप होना होगा। इसे कहना आसान है, परंतु जीवन में पैदा होने वाले रोजमर्रा के दबावों का सामना करते समय इस पर अमल करने में हमारी मदद के लिए यह संहिता मौजूद है।

हम सभी को अपने रोज़मर्रा के काम में नैतिक रूप से व्यवहार करने और बढ़िया फ़ैसले लेने के लिए उत्तरदायित्व लेने की ज़रूरत है। कृपया संहिता से स्वयं को परिचित करवाने के लिए कुछ समय निकालें और सुनिश्चित करें कि आप सही तरीके से काम करने की अपनी खुद की ज़िम्मेदारी को समझते/समझती हैं। यदि आपको ज़रूरत हो तो हमेशा मदद मांगें। अगर आप कभी भी कुछ ऐसा देखें या सुनें जो आपको सही नहीं लगता है, तो कृपया आवाज़ उठाएं। आप जितनी जल्दी कुछ कहेंगे, हम उतनी ही जल्दी कुछ बुरा होने से रोकने के लिए कार्रवाई कर सकते हैं।

हर रोज़, JM की प्रतिष्ठा की मिलकर सुरक्षा करने में हम सभी की भूमिका है, चाहे हम कहीं भी हों। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सही तरीके से काम करने में आप अपनी भूमिका निभाते हैं, कृपया अपने काम में अक्सर संहिता की सहायता लें।

**Liam Condon**
चीफ एक्ज़िक्यूटिव

# हमारी संहिता को परिपेक्ष्य में रखना

एक कंपनी के रूप में हम कैसे व्यवहार और काम करते हैं यह महत्वपूर्ण है।

जॉनसन मैथे की संस्कृति कंपनी का व्यक्तित्व है - हम यहां कैसे काम करते हैं और हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है। हम अपनी संस्कृति का जैसे वर्णन करते हैं और उसे जैसे जीते हैं यह हमारे मूल्यों में अभिग्रहित है। जॉनसन मैथे के पांच मूल्य हैं जो हम जब अपना श्रेष्ठ करते हैं तब जिस तरह से काम करते हैं उसे प्रतिबिंबित करते हैं। हमारे मूल्य यह स्वीकार करते हैं कि हमें किस चीज़ ने भूतकाल में सफल बनाया है और हमें भविष्य में क्या सफल बनाएगा।

## हमारे लोगों के लिए हमारे मूल्य जीना


- **लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना**
  – हम स्वास्थ्य और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं, कार्यस्थल पर और उसके बाहर लोगों के कल्याण को प्रोत्साहन देते हैं और हमारे ग्रह की रक्षा करने को प्रतिबद्ध हैं।

- **सत्यनिष्ठा से काम करना**
  – हम सही कार्य करते हैं, लोगों के लिए और दुनिया के लिए। हम जो कहते हैं वह करते हैं, एक दूसरे से यही अपेक्षा करते हैं और जब कोई समस्या हो, तब **आवाज़ उठाते हैं** । हम आंतरिक और बाह्य संबंधों को महत्वपूर्ण मानते हैं, और दूसरों से सम्मान और परवाह भरा व्यवहार करते हैं।

- **साथ मिल कर काम करना**
  – हम JM के भीतर और बाहर सहयोग को प्रोत्साहन देते है, और वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोण साझा करते और अपनाते हैं। हम साथ मिल कर समस्याओं का सामना करते हैं, हमारे खयालों को प्रयोग में लाते हैं और हमारे योगदान को जोड़ कर JM के लिए और हमारे ग्राहकों के लिए कुछ बेहतर बनाने में गर्व महसूस करते हैं।

- **नवोत्पाद और सुधार करना**
  – हम और शक्तिशाली बनने के लिए और हमारे विश्व को अधिक स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए नये खयाल अनुकूलित कर के अपनाते हैं। हम परिवर्तन में विश्वस्त और लोचदार हैं; खुद को और JM को बढ़ाते और विकसित करते हैं, और सुनिश्चित करते हैं कि हम अपने चयनित बाज़ार में अग्रणी रहें।

- **हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना**
  – हम अपने खुद के काम के लिए दायित्व लेते हैं, और जानते हैं कि हम भी किसी बड़ी चीज़ का हिस्सा हैं। हम पहल करते हैं, स्पष्टता खोजते हैं और खुद से और अपने सहकर्मियों से उच्च मानकों की माँग करते हैं।



## स्वप्न

# हमारा स्वप्न एक ऐसे विश्व के लिए है जो आज और भावि पीढ़ियों के लिए अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद है ।

## कार्यनीति

### विज्ञान
हम विश्व स्तरीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निवेश करते हैं।

### ग्राहक
हम इसका उपयोग ग्राहकों की जटिल समस्याओं का समाधान करने; उच्च मार्जिन वाले प्रौद्योगिकी चालित बाज़ारों में अग्रणी रहने के लिए करते हैं।

### प्रचालन
एक अधिक सुरक्षित, अधिक जुड़े हुए, दक्ष और कार्यकुशल वैश्विक व्यापार के रूप में प्रचालन करें। हमारे तीन प्रमुख परिवर्तन कार्यक्रमों द्वारा सक्षम किए हुए।

### लोग
हमारे बेहतरीन लोगों द्वारा काम पूरा करें।

## मूल्य

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- साथ मिल कर काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

## हमारी संहिता



हमारी संहिता हमारे मूल्यों और कार्यनीति को सहारा देती है और हम सभी को यह समझने में मदद करती है कि JM में सही कार्य करने का अर्थ क्या है।

आप जहाँ भी हों, हमारी संहिता आपकी सहायता करने के लिए है।

# सही कार्य करना

मैं संहिता के नियमों को समझने और उनका पालने करने के लिए वचनबद्ध हूँ

### हमारी संहिता क्या है?

हमारी संहिता हम सभी को सही कार्य करने में मदद करने के लिए बनाया गया एक ढांचा है। यह, आंशिक रूप से, एक नक्शा है जो आप अपने काम में लागू करते/करती हैं उन कंपनी के सिद्धांतों, मानकों और नीतियों को खोजने और समझने में सहायक होता है। यह हमारे साझा मूल्यों, और हम जिस तरह से व्यापार करते हैं उसकी एक अभिव्यक्ति भी है, जो खुलकर, प्रमाणिकता से और नैतिकता से काम करने में हमारी सहायता करेगी। अक्सर, हमें काम के दौरान ऐसे निर्णय करने पड़ते हैं या ऐसी नैतिकता संबंधी दुविधा का सामना करना पड़ता है जिसके लिए कोई खास नियम या स्पष्ट मार्गदर्शन न हो। ऐसी स्थितियों में, हमें अभी भी सही निर्णय करना पड़ता है। हालाँकि हमारी संहिता हरेक परिस्थिति के लिए उत्तर प्रदान नहीं करती है, यह आपको उससे निकलने में आपकी सहायता करेगी। अपने काम में इसे अक्सर देखें, अच्छे फैसले का उपयोग करें और यदि आपको इसकी ज़रूरत हो तो हमेशा मार्गदर्शन माँगें।

### यह किस पर लागू होती है?

हमारी संहिता हमारी कंपनी में हर स्तर पर, हर स्थान पर, हर व्यक्ति पर लागू होती है। हमारे साथ काम करने वाले लोगों और संगठनों को हमारी ओर से या हमारे नाम पर कोई कार्य करते समय हमारी संहिता से सुसंगत तरीके से कार्य करना होगा ।

### हम किसके साथ व्यापार करते हैं?

एक कंपनी के रूप में, जॉनसन मैथे उन लोगों और संगठनों से व्यापार करना चाहती है जिनके मूल्य हमारे मूल्यों से संरेखित हों, ताकि हमारी प्रतिष्ठा को एक व्यापारी साझीदार के बुरे चयनों के कारण क्षति ना पहुंचे। हम अपने तृतीय पक्ष (हमारे ग्राहकों सहित) ध्यानपूर्वक चुनते हैं, और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाते हैं कि हम जानते हों कि हम किसके साथ लेनदेन कर रहे हैं, चाहें वह ग्राह कों, आपूर्तिकर्ता हों, साझीदार हों, एजेंट हों, वितरक हों, लॉजिस्टिक प्रदाता हों या फिर ऐसा कोई भी पक्ष हो जिससे हमारा कोई संबंध हो।



### मैं किस बात के लिए ज़िम्मेदार हूँ?

- संहिता की सामग्री (विशेष रूप से प्रतिबद्धताओं से) परिचित हों।
- अपनी भूमिका से संबंधित विषयों के बारे में ध्यान से सोचें, और इन विषयों से संबंधित नीतियों और सिद्धांतों को समझ कर उनका अनुसरण करें।
- मुश्किल निर्णय लेने में आपकी मदद करने के लिए संहिता का उपयोग करें– वहां भी,जहां कोई नियम न हो।
- यदि आपको इसकी ज़रूरत हो तो सहायता या प्रशिक्षण मांगें।

### अगर मैं एक मैनेजर हूँ, तो क्या मेरी कोई खास ज़िम्मेदारियाँ हैं?

जॉनसन मैथे में मैनेजर के रूप में, आपकी अच्छे व्यावसायिक व्यवहार को प्रोत्साहन देने की और आपके लिए काम करने वाले लोग हमारे सही काम करने की संस्कृति का समर्थन और संरक्षण करें , यह सुनिश्चित करने की खास ज़िम्मेदारी है। आप यह ऐसा कर के कर सकते हैं:

- हमारी संहिता से सुसंगत काम करने और हमारे मूल्यों को जीने के लिए एक अनुकरणीय व्यक्ति बन कर
- आपकी टीम को ऐसे व्यवहार के लिए उत्तरदायी ठहरा कर जो कि हमारी संहिता और हमारे मूल्यों के साथ सुसंगत हो।
- आपकी टीम से व्यक्तिगत रूप से और संयुक्त रूप से सही काम करने का अर्थ क्या है उसके बारे में बार-बार बात कर के।
- मुश्किल संवादों से संकोच न कर के।
- सुनने और मार्गदर्शन प्रदान करने का समय निकाल कर।
- जो **आवाज़ उठाएं** उन लोगों का समर्थन कर के और कभी भी प्रतिशोध की अनुमति न दे कर।
- सही काम करने के सकारात्मक उदाहरणों की सराहना कर के।
- सक्रिय रूप से सही काम करने के मार्ग में आये अवरोधों को हटाना।
- अपने और अपनी टीम के लिए प्रशिक्षण और विकास में कमी को पहचान कर और उन्हें संबोधित कर के।

### यदि संहिता के संबंध में मेरे प्रश्न हैं तो मैं किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ?

पूरी संहिता में आपको विषय के आधार पर अधिक मार्गदर्शन के लिए कहां जाना चाहिए उसके बारे में जानकारी मिलेगी। यदि आपको कोई सामन्य प्रश्न हो, या आप किसी बात के बारे में **आवाज़ उठाना** चाहते/चाहती हैं, तो कृपया अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 10 देखें।

### अगर संहिता का जॉनसन मैथे की नीतियों और प्रक्रियाओं या फिर स्थानीय कानून या रीति रिवाज़ से संघर्ष होता हो, तो मैं क्या करूं?

जॉनसन मैथे विश्व भर में कई देशों में, अनेक संस्कृतियों, कानूनों और राजनैतिक परिवेशों के संदर्भ में काम करती है। संभव है कि इस संहिता और कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं या फिर स्थानीय कानूनों या रीति रिवाज़ों के बीच संघर्ष हो। हमें हमेशा उच्चतम लागू मानक का अनुपालन करना चाहिए। यदि परिस्थिति आपके लिए स्पष्ट न हो, तो कृपया समूह के विधि या समूह के नीति और अनुपालन विभाग से परामर्श लें।

# कोई कुछ ग़लत क्यों करेगा?

अच्छे लोग हमेशा सही कार्य नहीं करते हैं। यह कई कारणों से हो सकता है।

- **वे नहीं जानते या अवगत नहीं हैं** – हमें अपने कार्य को लागू होने वाली नीतियाँ और प्रक्रियाएं पता होनी चाहिए, लेकिन हर चीज़ में विशेषज्ञ होना संभव नहीं है। **जानें कि कब और किससे मदद माँगनी चाहिए**।
- **वे बहुत दबाव में होते हैं** – तब भी जब हमें लगता है कि हम कार्य निष्पादन, समय या बजट संबंधी दबाव में होते हैं, यह कभी भी 'किसी भी कीमत पर व्यापार' नहीं होता है। **अगर आपको लगे कि आप पर कुछ ऐसा करने के लिए दबाव डाला जा रहा है जो सही नहीं है, आवाज़ उठाएं**।
- **वे भीड़ से अलग नहीं दिखना चाहते हैं** – हम अक्सर महसूस करना चाहते हैं कि हम किसी समूह का हिस्सा हैं और उस समूह के विरुद्ध नहीं जाना चाहते हैं। अलग दृष्टिकोण रखने के लिए हिम्मत की ज़रूरत होती है। **जब आप कोई चिंता प्रकट कर के आवाज़ उठाएंगे तो आपका समर्थन किया जाएगा**।
- **वे खुद को विश्वास दिलाते हैं कि कोई काम करना ठीक है क्योंकि वह उन्हें कुछ ऐसा देता है जो उन्हें लगता है कि वे उसे पाने लायक हैं** – हम कभी-कभी अनैतिक व्यवहार को किसी कथित अन्याय या अन्यायपूर्ण व्यवहार के कारण वाजिब ठहराने की कोशिश करते हैं। **गलत काम करने का कोई औचित्य नहीं हो सकता है**।
- **उन्हें कोई परवाह नहीं होती है** – कुछ लोग जानते हैं कि नीतियाँ और प्रक्रियाएं क्या हैं, लेकिन वे उन पर ध्यान न देना चुनते हैं या फिर अनेक कारणों से उन्हें गंभीरता से नहीं लेते हैं। **अगर आप किसी को नियम तोड़ते हुए या अयोग्य व्यवहार करते हुए देखें, तो आवाज़ उठाएं**।
- **उन्हें लगता है कि किसी के ध्यान में नहीं आएगा** – कुछ लोग तब कुछ गलत करते हैं जब उन्हें लगता है कि किसी के ध्यान पर नहीं आएगा, विशेष रूप से तब जब इसमें 'छोटे' निर्णय शामिल हों। **जब आप जानते हों कि कोई देख नहीं रहा है, तब भी आपको हमेशा सही काम करना चाहिए**।

**कुछ गलत हो सकता है इसकी चेतावनी के लक्षण। अगर कोई यह कहे तो सावधान रहें:**

"हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।"

"बस दस्तावेज़ को श्रेड कर दो"

"हम तो यहां ऐसे ही काम करते हैं"

"हरकोई ऐसा करता है"

"कभी किसी को पता नहीं चलेगा"

"मुझे नहीं जानना है"

"यह सबकुछ एक अच्छे कारण के लिए है"

"हम इसे छुपा सकते हैं"

# अच्छे निर्णय लेना

## JM में आप पर अच्छे निर्णय लेने के लिए विश्वास किया जाता है।

तथापि, कभी-कभी आपको मुश्किल निर्णय या दुविधा का सामना करना पड़ सकता है, जहाँ यह अस्पष्ट हो कि सही काम क्या है।. आपको अपनी विवेकबुद्धि का उपयोग करना चाहिए और संहिता में वर्णित सिद्धांतों और हमारे मूल्यों के अनुसार काम करना चाहिए, रुक कर उस बात के बारे में स्पष्ट रूप से सोचने का समय निकालना चाहिए, और यदि आवश्यक हो तो मदद माँगनी चाहिए।

### नैतिकता संबंधी दुविधा या मुझे जो निर्णय लेना है वह क्या है ?

**फिर पूछें…**

ये प्रश्न एक मुश्किल निर्णय लेते समय आपकी सहायता करेंगे:

- क्या यह वैध है?
- क्या यह हमारे मूल्यों और हमारी संहिता के साथ सुसंगत है?
- क्या यह हमारी नीति का अनुसरण करता है?
- यह किसे प्रभावित करता है, और क्या वे उसे अपने लिए न्यायपूर्ण मानेंगे?
- क्या यह मुझे सही लगता है?
- क्या मैं आराम से इसे अपने सहकर्मियों, दोस्तों और परिवार के सदस्यों को समझा पाऊँगा/पाऊँगी?
- अगर यह समाचार की सुर्खियों में या सोशल मीडिया पर दिखाई दे तो क्या मुझे चिंता होगी?

**और हमेशा याद रखें:**

आपको कभी भी अपने आप या बिना सहायता के मुश्किल चयन करने की आवश्यकता महसूस नहीं होनी चाहिए।

## रुकिए!

**अगर आपका जवाब ना हो, या इन में से किसी भी प्रश्न का उत्तर देते समय आप निश्चित न हों, तो आपको रुक कर आगे सलाह मांगनी चाहिए।**

### आप इन में से कुछ भी कर के सलाह प्राप्त कर सकते/सकती हैं:

- अपने मैनेजर से बात करें
- अपने स्थानीय मानव संसाधन या विधि विभाग से परामर्श करें
- किसी नैतिकता एम्बेसेडर से बात करें
- समूह की नैतिकता और अनुपालन टीम से परामर्श करें

**या अगर आप किसी अन्य पद्धति से असुविधा महसूस करें तो अपनी चिंता को Speak Up द्वारा रिपोर्ट करें।**

**चिंता व्यक्त करने और आगे क्या होता है इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 10 देखें।**

# सहायता के लिए अनुरोध करना और अपनी स्वतंत्र राय व्यक्त करना

## मैं मदद मांगने और जब मुझे कोई चिंता हो, तो आवाज़ उठाने के लिए वचन देता/देती हूँ

### सहायता का अनुरोध करना

कभी-कभी आप ऐसी स्थिति में हो सकते/सकती हैं जब आपको निश्चित रूप से पता न हो कि कौन सी कार्यवाही श्रेष्ठ है। संहिता अनेक विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करती है और साथ ही मददगार मार्गदर्शन प्रदान करने वाले संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान करती है। यदि, इन्हें ध्यान से देखने के बाद, आपको अब भी निश्चित रूप से पता न हो, कि क्या किया जाए, तो कई लोग हैं जो आपकी मदद कर सकते हैं, और इनमें आपके मैनेजर और मानव संसाधन (HR) शामिल हैं। कुछ भी न कहने से मदद माँगना हमेशा बेहतर है।

### आवाज़ उठाना

ऐसे समय हो सकते हैं जब आप किसी ऐसी बात को देखें, सुनें, उसके बारे में जानें या आपको शक हो कि वह असुरक्षित, अनैतिक या गैरकानूनी है या फिर कुछ ऐसा है जो हमारी संहिता, हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप नहीं है। इस स्थिति में तुरंत **आवाज़ उठा कर** चिंता को व्यक्त करना आपकी ज़िम्मेदारी है। आप जितना जल्दी **आवाज़ उठाएंगे** परिस्थिति के प्रभाव को कम करने की संभावना उतनी ही अधिक बढ़ जाएगी। **आवाज़ उठाने** से पहले दूसरों के **आवाज़ उठाने**की राह न देखें या जब कुछ सचमुच गलत हो जाए तब तक प्रतीक्षा न करें।



ऐसे कई विभिन्न चैनल हैं जिनका आप मदद माँगने और चिंता व्यक्त करने के लिए उपयोग कर सकते/सकती हैं:

**आपका/आपकी मैनेजर**
एक सामान्य निदेशक सिद्धांत के रूप में, आपके/आपकी मैनेजर वह प्रथम व्यक्ति है जिन से आपको कोई प्रश्न हो, सलाह की ज़रूरत हो या कोई चिंता उठानी हो तो **संपर्क करना चाहिए।**

**HR, समूह विधि विभाग, समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग**
आप सीधे HR, समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से प्रश्न पूछना, सलाह माँगना चुन सकते/सकती हैं।

**अन्य समूह कार्य**
जहाँ आपका प्रश्न या चिंता समूह के किसी अन्य कार्य की विशेषज्ञता से संबंधित हो, जैसे कि समूह EHS, आप उस प्रश्न को अपने इन कार्यों के स्थानीय या समूह संपर्क के सामने उठा सकते/सकती हैं।

**एथिक्स एम्बैसडर्स**
एथिक्स एम्बैसडर्स एक अतिरिक्त संपर्क बिंदु हैं जिन से आप प्रश्न पूछ सकते/सकती हैं, मार्गदर्शन माँग सकते/सकती हैं या फिर जिनके सामने आप चिंता उठा सकते/सकती हैं। वे आपको सलाह के लिए सही दिशा दिखा सकते हैं या सामान्य प्रश्नों में **आपकी सहायता कर सकते हैं।**

**आवाज़ उठाने की प्रक्रिया**
आप JM की **Speak Up** का उपयोग कर सकते/सकती हैं। यह टेलीफोन/ऑनलाइन सेवा JM से स्वतंत्र रूप से होस्ट की जाती है और इस तरह से उठायी गई सभी चिंताओं की जाँच नैतिकता पैनल के मार्गदर्शन में की जाती है।

टेलीफोन संपर्क जानकारी खोजने, या ऑनलाइन चिंता उठाने के लिए, आप यहाँ जा सकते/सकती हैं:
**www.JM.ethicspoint.com**

हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उठायी जाने वाली सभी चिंताओं के साथ तुरंत और संपूर्ण रूप से निपटा जाए।

# सहायता के लिए अनुरोध करना और आवाज़ उठाना

जारी

**गोपनीयता और अनामिकता**

जब आप **आवाज़ उठाते हैं**, तब आप जो जानकारी प्रदान करते/करती हैं उसे गोपनीय रखा जाएगा। इसका मतलब है कि इसे किसी के भी साथ केवल जानने की आवश्यकता के अनुसार साझा किया जाएगा।

जहाँ जॉनसन मैथे के लिए खुलेआम व्यक्त की गई चिंताओं को संबोधित करना अधिक आसान है, हम समझते हैं कि कुछ परिस्थितियों में आपको यह करते हुए असुविधा महसूस हो सकती है। अगर आप जब चिंता उठाएं तब अपनी पहचान बताना न चाहें, तो आप यह माँग कर सकते/सकती हैं कि जब तक आप इसकी अधिकृति न दें या फिर कानूनन यह प्रकटन आवश्यक न हो, तो इसे प्रकट न किया जाए। आप अनाम रूप से (जहाँ कानूनन अनुमत हो) एवं खुले आम Speak Up लाइन के द्वारा अपनी चिंता व्यक्त कर सकते/सकती हैं।

हम जहाँ संभव हो, रिपोर्ट करने वालों को अपनी पहचान बताने को प्रोत्साहित करते हैं। इससे खोज टीम यह कर पाती है:

- तथ्यों को जाँच कर स्पष्टीकरणों की माँग करना
- सुनिश्चित करना कि आपको विश्वास है कि जाँच से गलती से आपकी पहचान प्रकट नहीं हो जाएगी या आपकी तरफ इंगित नहीं हो जाएगा।
- जाँच के दौरान आपको नवीनतम जानकारी दे पाना।
- जाँच के परिणाम को आप को संचारित करना।

**हम कभी भी प्रतिशोध की अनुमति नहीं देते हैं**

हम आपको **आवाज़ उठाने** के लिए प्रोत्साहित करते हैं और कंपनी चिंता उठाने वाले कर्मचारियों की रक्षा करेगी। जॉनसन मैथे द्वारा चिंता की सूचना देने या छानबीन में सहायता किए जान के परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति के विरूद्ध की जाने वाली बदले की कार्रवाई या भेदभाव के किसी दावे पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई की जाती है। हम प्रतिशोध करने वालों से अनुशासनात्मक कार्रवाई कर के निबटेंगे ताकि हम उन लोगों की रक्षा कर सकें जो सही काम करने के लिए **आवाज़ उठातेहैं**।

लाइन मैनेजरों को प्रतिशोध के संभावित जोखिम के स्रोतों के बारे में अवगत और उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए, और सक्रिय रूप से उन्हें रोकने के लिए काम करना चाहिए।



### जब मैं किसी चीज़ के लिए Speak Up करूँ तब क्या होता है?

Speak Up चिंताएं समूह की नैतिकता और अनुपालन टीम के कुछ ही लोगों के पास आती हैं। वे चिंता का मूल्यांकन करेंगे और आगे के कदमों पर विचार करेंगे, जिनमें रिपोर्ट करने वाले से स्पष्टीकरण माँगना, और तय करना की जाँच करने के लिए सब से उपयुक्त कौन है शामिल हैं।

हरेक Speak Up की नैतिकता पैनल को रिपोर्ट की जाती है। नैतिकता पैनल किन्हीं भी क्षेत्रों से स्वत्तर भूमिकाओं वाले वरिष्ठ नेताओ का बना होता है। नैतिकता पैनल की भूमिका में Speak Up चिंताओं की प्रभावी समीक्षा एवं/अथवा जाँच और जाँचें न्यायपूर्ण तरीके से और लगातार हो यह सुनिश्चित करना शामिल है। एक बार जाँच पूरी हो जाए, तो पैनल प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर सुझाव देता है।

Speak Up प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया किसी **एथिक्स एम्बैसडर या फिर नैतिकता और अनुपालन टीम** के किसी सदस्य से संपर्क करें।

यदि कोई व्यक्ति आपको अपनी चिंता की सूचना देता है, तो स्थिति का आंकलन करने और आगे क्या कदम उठाना है, इस बात पर विचार करने से पूर्व आपको सावधानीपूर्वक उसकी बात को सुनना चाहिए। कुछ मामलों में, संभव है कि चिंता का शामिल लोगों एवं/अथवा संबंधित मैनेजर(मैनेजरों) से आगे ऊपर पहुँचाने से पहले ही समाधान किया जा सके, लेकिन आपको कोई भी चिंता हो तो आपको समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग को सूचित करने से हिचकिचाना नहीं चाहिए। कुछ मामलों में, इसे उपयुक्त समूह कार्य तक ऊपर भेजा जाना होगा।. यदि आपको कभी कोई संदेह होता है कि क्या कदम उठाना है, तो नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें। आगे का चरण दर चरण मार्गदर्शन Speak Up नीति द्वारा प्रदान किया गया है जिसका उद्देश्य कोई आपके सामने कोई चिंता व्यक्त करे तब आपकी मदद करना है।

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- Speak Up नीति
- स्थानीय मानव संसाधन
- विधि विभाग
- एथिक्स एम्बैसडर्स
- नैतिकता और अनुपालन विभाग

# मैं इसके लिए वचनबद्ध हूँ...




कृपया पन्ना पलटाकर
हमारी प्रतिबद्धताएं देखें >



मैं संहिता के सिद्धांतों को समझने और उनका पालन करने के लिए वचनबद्ध हूँ



मुझे जब कोई चिंता हो, तब मदद माँगने और आवाज़ उठाने के लिए मैं वचनबद्ध हूँ



मैं सुरक्षित रूप से कार्य करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के प्रति वचनबद्ध हूँ



मैं ज़िम्मेदारीपूर्वक, न्यायपूर्ण तरीके से और कानून के अनुसार व्यापार करने के लिए वचनबद्ध हूँ



मैं जॉनसन मैथे की ब्रांड, सम्पत्तियों तथा प्रतिष्ठा की संरक्षा करने के लिए वचनबद्ध हूँ।



मैं वहनीय कारोबार के सृजन की जॉनसन मैथे की अभिलाषा का समर्थन करने के लिए वचनबद्ध हूँ

# हमारी प्रतिबद्धताएं

## हमारी प्रतिबद्धताओं का हमारे एथिक्स एम्बैसडर्स के लिए क्या अर्थ है?


| | |
|---|---|
| मैं संहिता के नियमों को समझने और उनका पालने करने के लिए वचनबद्ध हूँ | " सही निर्णय लेना हमेशा आसान नहीं होता है, लेकिन जब मैं अटक जाऊँ, तब संहिता सचमुच मददगार होती है। " |
| मैं जब मुझे कोई चिंता हो, तब मदद माँगने और आवाज़ उठाने के लिए वचनबद्ध हूँ | " मैं Speak Up करने और अपनी चिंताएं उठाने में विश्वस्त महसूस करता/करती हूँ और मैं दूसरों को प्रोत्साहित करूँगा/करूँगी कि वे भी ऐसा करें। " |
| मैं सुरक्षित रूप से कार्य करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के प्रति वचनबद्ध हूँ | " JM में, हमारा मुख्य काम है लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना और संहिता उसका समर्थन करती है। " |
| मैं ज़िम्मेदारीपूर्वक, न्यापूर्ण तरीके से और कानून के अनुसार व्यापार करने के लिए वचनबद्ध हूँ | " मेरे लिए, यह सही तरीके से व्यापार करने के बारे में है, और किसी भी कीमत पर नहीं। " |
| मैं जॉनसन मैथे की ब्रांड, सम्पत्तियों तथा प्रतिष्ठा की संरक्षा करने के प्रति वचनबद्ध हूँ। | " मुझे JM के लिए काम करने में गर्व महसूस होता है, कंपनी की प्रतिष्ठा अच्छी है और उसके और मेरे मूल्य एक समान हैं। " |
| मैं जॉनसन मैथे की एक वहनीय कारोबार का सृजन करने की अभिलाषा का समर्थन करने को वचनबद्ध हूँ। | " हमारी दुनिया बदल रही है और हमारी कंपनी की देखभाल करना हमारी ज़िम्मेदारी है – आज और अगले 200 वर्षों के लिए। " |

# लोग

मैं काम करने को वचनबद्ध हूँ काम करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए वचनबद्ध हूँ



| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य और सुरक्षा | 18 |
| एक सकारात्मक कार्य परिवेश | 21 |
| डेटा संरक्षण | 24 |
| मानव अधिकार | 26 |
| हितों का टकराव | 29 |

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

**जॉनसन मैथे में, सुरक्षा हमारे लिए सब से महत्वपूर्ण है।**

इसका अर्थ है कि हम अपने लोगों की सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और उच्च सुरक्षा मानकों को तय करते हैं। साथ मिल कर काम करने से, हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम सभी का कार्य परिवेश सुरक्षित हो और हम सभी एक शक्तिशाली सुरक्षा की संस्कृति सिद्ध करें और बनाए रखें।

### सुरक्षा सिद्धान्त

सभी कर्मचारियों को जॉनसन मैथे के सुरक्षा सिद्धान्तों का अवश्य अनुपालन करना चाहिए और ये ऐसी बातें जिसके हम एक नियोक्ता के रूप में पक्षधर हैं और जॉनसन मैथे द्वारा एक कर्मचारी के रूप में आपसे निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है:

- सभी चोटों और व्यावसायिक बीमारियों की रोकथाम संभव है।
- चोटों और व्यावसायिक बीमारियों की रोकथाम हरेक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है।
- सुरक्षित रूप से काम करना नियुक्ति की शर्त है।
- जीवन रक्षक नीतियों और साइट सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है।
- हम अपने कर्मचारियों के लिए काम पर न हों तब स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी जागरुकता को प्रोत्साहन देंगे।



### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं हमारे सुरक्षा सिद्धांतों और EHS व्यवहार मानक से परिचित हूँ, उनका समर्थन करता/करती हूँ और उनके अनुसार काम करता/करती हूँ।
- मैं रोज़मर्रा के व्यवहार में सुरक्षित कार्यस्थल व्यवहार को शामिल करता/करती हूँ और सक्रिय रूप से स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी जोखिमों को कम करने के लिए सजग रहता/रहती हूँ।
- मैं अपने कार्यों और दूसरों के कार्यों के बारे में सावधान हूँ।
- मैं सभी के लिए सुरक्षित कार्य परिवेश निर्माण करने में और उसे प्रोत्साहन देने में शामिल होता/होती हूँ।
- मैं सभी EHS नीतियों का अनुसरण करता/करती हूँ और नीति की ऐसी किन्हीं भी आवश्यकताओं को चुनौती देता/देती हूँ जिनका अनुसरण असंभव लगे।
- मैं प्रक्रिया में सुरक्षा के महत्व को और यह कैसे जोखिमकारी और विषाक्त रसायनों के निस्सारण जैसी गंभीर घटनाओं को होने से रोकती है, यह समझता//समझती हूँ।
- मुझे सुरक्षा के बारे में किसी से भी, चाहे वह कितने भी वरिष्ठ क्यों न हों, बात करने में डर नहीं लगता है।

**मैं निम्नलिखित नहीं करता/करती:**

- जल्दी मचाना या कोई काम पूरा करने के लिए शॉर्टकट लेना।
- चेतावनी के संकेतों पर ध्यान न देना या असुरक्षित व्यवहारों की उपेक्षा करना।
- मैं जो कर रहा/रही हूँ और मेरे आसपास में जो हो रहा है, उस पर ध्यान केन्द्रित करने में विफल होना।
- मान लेना कि सबकुछ सुरक्षित है।
- ऐसा कार्य करना जिनके लिए मैं सुयोग्य नहीं हूँ।

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र किसी सीढ़ी पर चढ़ते समय आपको कोई वरिष्ठ मैनेजर नीचे आते हुए दिखाई देते हैं, जिनके दोनों हाथों में मोटी-मोटी फाइलें हैं। आपके ध्यान में आता है कि उन्होंने रेलिंग को पकड़ा नहीं है क्योंकि उनके दोनों हाथ भरे हुए हैं। आपको ध्यान में आता है, कि अगर वह ठोकर खा जाएं, तो वह खुद को सीढ़ियों से गिरकर दर्द अनुभव करने से बचा नहीं सकेंगे, क्योंकि उन्होंने रेलिंग नहीं पकड़ा है।**

उ कभी-कभी लोग एकदम सरल EHS नियम भी भूल जाते हैं, जैसे कि सीढ़ियों पर तीन बिंदु पर संपर्क बनाए रखना। मैनेजर को गिरने के जोखिम से वचने में सहायता करना महत्वपूर्ण है, इसलिए, आपको इस परिस्थिति से तुरंत निपटना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि मैनेजर अच्छे उदाहरण बनें, इसलिए उन्हें शिष्टतापूर्वक ऐसा करने में सहायता करने से भविष्य में सुरक्षित व्यवहार को बल मिलेगा और सकल मानकों को ऊँचा उठाने में सहायता होगी। आपको कभी भी अधिक वरिष्ठ कर्मचारियों को सुरक्षित व्यवहार प्रदर्शित करने में सहायता करने से डरना नहीं चाहिए।

**प्र कार्य स्थल पर आपके साथ एक छोटी दुर्घटना हो जाती है और आप घर से अपने बॉस को यह बताने के लिए कॉल करते/कती हैं कि आपको दो दिन की छुट्टी लेनी होगी जैसा कि आपके GP ने सलाह दी है। आपके बॉस आपको सलाह देते हैं कि आप दुर्घटना की रिपोर्ट करने से वचने के लिए निजी छुट्टियाँ लें, क्योंकि रिपोर्ट से डिपार्टमेन्ट के आँकड़े खराब लगेंगे।**

उ कार्य स्थल पर हुई दुर्घटनाओं को छुपाना JM' की EHS नीतियों के खिलाफ है और कुछ देशों में यह एक फौज़दारी गुनाह भी हो सकता है। आपको इस बात का आग्रह करना चाहिए कि इस दुर्घटना को रिकॉर्ड किया जाए और यदि ऐसा न किया जाए, तो आपको अपने EHS प्रतिनिधि से संपर्क करना चाहिए।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- समूह EHS नीति
- समूह जीवन बचाने संबंधी नीतियाँ

# एक सकारात्मक कार्य परिवेश

**हम सभी एक ऐसा कार्य परिवेश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो हरेक व्यक्ति में से उसका सर्वश्रेष्ठ निकाल लाने में सहायता करे।**

जैसे हम अपनी कार्य रीति को आज और भावि पीढ़ियों के लिए एक अधिक स्वच्छ, अधिक स्वस्थ विश्व में पहुँचाते हैं, वैसे एक सकारात्मक कार्य परिवेश निर्माण करना हमारी सफलता के लिए अतिमहत्वपूर्ण बन जाता है।

हमारी नीतियाँ, प्रक्रियाएं और कार्यविधियाँ उन आधारशिलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनती हैं जिन पर हम अपनी व्यक्तिगत भूमिकाएँ निभाते हैं, और यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि वह समानता, समावेशन और सत्यनिष्ठा इन आधारशिलाओं को सहारा दें।

हम ऐसे किसी भी व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करते हैं जो हमारे मूल्यों का उल्लंघन करे, जिसमें किसी भी तरह के भेदभावपूर्ण व्यवहार या दुर्व्यवहार का समावेश होता है, जैस कि दादागीरी या उत्पीड़न, और हमने ऐसी परिस्थितियों को संबोधित करने के लिए नीतियाँ भी बनायी हैं।

हमारी पूर्ण क्षमता तक पहुँचने के लिए हमारा कार्य परिवेश ऐसा होना चाहिए जो कि:

- **JM के भीतर और बाहर** सहयोग के अवसरों को सक्षम करे।
- **हरेक व्यक्ति को** प्रश्न पूछने, और जब कोई चिंता हो तो गोपनीय रूप से **आवाज़ उठाने** के लिए सक्षम बनाए।
- **विविधतापूर्ण विचारों** और दृष्टिकोणों को अपनाए।
- **हरेक व्यक्ति से अपने** निजी विकास का स्वामीत्व लेने और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए मदद करने की अपेक्षा करे।



# एक सकारात्मक कार्य परिवेश

जारी

**यह मुझ पर कैसे लागू होता है?**

- मैं सक्रिय रूप से दूसरे दृष्टिकोण खोजता/खोजती हूँ और उनका सम्मान करता/करती हूँ।
- मुझे दूसरों के योगदानों से अपने योगदान को मिला कर श्रेष्ठ परिणाम पाने में गर्व महसूस होता है।
- मैं प्रश्न पूछता/पूछती हूँ और उपयुक्त, जानकारीयुक्त निर्णय लेने और कार्य करने के लिए रचनात्मक विचार-विमर्श करता/करती हूँ।
- मैं अपनी टीम से आगे भी योगदान करता/करती हूँ, चाहे यह JM के भीतर हो या हमारे ग्राहकों के साथ।
- मैं निजी विकास का स्वामीत्व लेता/लेती हूँ।
- मैं यह समझने का प्रयास करता/करती हूँ कि ग्राहकों और सहकर्मियों के लिए मूल्यवान क्या है।
- मैं समावेशी और सहायक हूँ और सभी के साथ गौरव और आदरपूर्ण व्यवहार करता/करती हूँ।
- मैं सही काम करता/करती हूँ, तब भी, जब वह मुश्किल हो।
- मैं स्वीकार करता/करती हूँ कि मेरे ऐसे पूर्वाग्रह हो सकते हैं जिनके बारे में मुझे पता न हो, और मैं लोगों और परिस्थितियों के बारे में अपनी समझ को चुनौती देता/देती हूँ।
- मैं JM के मूल्यों को अपना कर चलता/चलती हूँ और मैं जो कुछ भी करता/करती हूँ उसमें अपेक्षित व्यवहार करता/करती हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र किसी कर्मचारी के साथ कार्यनिष्पादन समीक्षा (पर्फॉर्मेन्स रिव्यू) के लिए तैयारी करते हुए आपको उस व्यक्ति की अपने सहकर्मियों के विचारों को स्वीकार करने में हिचकिचाहट का पता चलता है, विशेष रूप से उन विचारों का जो उनके अपने विचारों जैसे नहीं हैं। कर्मचारी ने टीम के लिए कुछ बेहतरीन परिणाम प्राप्त किए हैं, लेकिन अब परिणामस्वरूप कुछ सदस्यों को ऐसा लग रहा है कि उनका मूल्य समझा नहीं जा रहा है। आपको क्या करना चाहिए?**

उ हम काम कैसे करते हैं वह हम जो करते हैं उसके जितना ही महत्वपूर्ण है। कार्यनिष्पादन समीक्षा में वांछित 'व्यवहारों' एवं परिणामों की प्राप्ति दोनों ही पर संतुलित ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। परिणाम और व्यवहार दोनों पर केन्द्रित मापनक्षम लक्ष्य निर्धारित कर के आप JM के मूल्यों और एक सकारात्मक कार्य परिवेश को आपकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सकते/सकती हैं। यदि आपको ठीक से पता न हो कि यह बात कैसे करें, या फिर यदि ये व्यवहार जारी रहें, तो आपको अपने लाइन मैनेजर या HR से सलाह लेनी चाहिए, जिसके लिए आपको अपनी चिंता को खास उदाहरण दे कर समझाना चाहिए।

**प्र एक कर्मचारी स्काइप और ईमेल द्वारा अनुपयुक्त टिप्पणियाँ कर के आपको बहुत असुविधाजनक महसूस करा रहे हैं, जिनको वह मज़ाक और अनौपचारिक चैट समझते हैं, पर आपको लगता है कि यह JM में सही समावेशी संस्कृति को प्रोत्साहन नहीं दे रहा है। आप इसे एक समस्या के रूप में सामने लाने के बारे में चिंतित हैं, लेकिन आपको लगता है कि इस बात को जैसे है वैसे जारी नहीं रखा जा सकता क्योंकि यह काम पर आने के बारे में आप जो महसूस करते हैं उसे प्रभावित कर रहा है। आपको क्या करना चाहिए?**

उ अगर आपको लगे कि आप सीधे अपने सहकर्मी से इसके बारे में बात नहीं कर पाएंगे/पाएंगी, तो अपने लाइन मैनेजर या HR से सहायता माँगें. अगर आप अपनी टीम/व्यवसायिक इकाई के बाहर किसी से बात करना चाहें, तो आप सहायता के लिए समूह के विधि विभाग या **समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग** से संपर्क कर सकते/सकती हैं। ऐसा करने में विफल होने पर आप किसी GMC सदस्य से संपर्क कर सकते/सकती हैं। JM में किसी भी तरह के उत्पीड़न या भेदभाव को सहन नहीं किया जाता है।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- साथ मिल कर काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- साथ मिल कर काम करना समूह HR नीति
- समान अवसर समूह HR नीति

# डेटा संरक्षण

## हम जिसका उपयोग करते हैं उस निजी डेटा का हम सम्मान और संरक्षण करते हैं।

JM को अपने व्यापार को चलाने के लिए निजी डेटा एकत्रित करना पड़ता है, और हममें से कई लोग अपना काम करने के लिए इस डेटा का उपयोग करते हैं (चाहे यह अन्य कर्मचारियों से संबंधित हो, ग्राहकों से, आपूर्तिकर्ताओं से या फिर अन्य लोगों से)। जब लोग हमारे साथ काम करते हैं या हमारे साथ व्यापार करते हैं तो यह आवश्यक है कि वह हम पर उनकी गोपनीयता का सम्मान करने और उनके निजी डेटा की सुरक्षा करने के लिए विश्वास कर पाएं।

निजी डेटा ऐसी कोई भी जानकारी है जिसे अपने आप में या फिर अन्य डेटा के साथ किसी व्यक्ति की पहचान करने के लिए उपयोग किया जा सके। ये तथ्य हो सकते हैं (उदाहरण के लिए नाम, ईमेल एड्रेस, स्थान या जन्म तिथि) या फिर उस व्यक्ति के कार्य जीवन या निजी जीवन में किए गए कार्यों या व्यवहार के बारे में कोई राय हो सकती है।

JM जहाँ व्यापार करता है ऐसे कई देशों में ऐसे नियम और कानून हैं जो इस बात को नियंत्रित करते हैं कि हम निजी डेटा का उपयोग कैसे करें। हमें हमेशा स्थानीय कानून का अनुपालन करना होगा, लेकिन कम से कम हम:

1. निजी डेटा को तभी संसाधित करेंगे जब ऐसा करने के लिए हमारे पास कोई वैध व्यावसायिक कारण, या कानूनी आवश्यकता हो।
2. लोगों का डेटा हम कैसे उपयोग करते हैं उसके बारे में उनके सामने खुले और पारदर्शी रहेंगे।
3. निजी डेटा का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए करेंगे जिनके लिए हमने उसे एकत्रित किया था ; अलावा इसके कि इसका किसी नये उद्देश्य के लिए उपयोग करने की हमारे पास व्यक्ति की सहमति हो, या फिर ऐसा करने का हम पर कोई कानूनी दायित्व हो।
4. केवल उतना ही निजी डेटा एकत्रित करेंगे जितने की हमें अपना व्यापार करने के लिए आवश्यकता होगी।
5. यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएंगे कि हम जिसे एकत्रित करें ऐसा कोई भी निजी डेटा सटीक हो और अद्यतन रखा जाए।
6. निजी डेटा को हमें उसकी आवश्यकता हो उससे अधिक समय के लिए नहीं रखेंगे।
7. निजी डेटा को सुरक्षित रखेंगे, और उस तक सीमित संख्या में लोगों को पहुँच प्रदान करेंगे।
8. सुनिश्चित करेंगे कि हम जिनके साथ निजी डेटा साझा करें ऐसा कोई भी तृतीय पक्ष भी उसकी सुरक्षा के लिए उपयुक्त कदम उठाएगा।
9. डेटा जिनके बारे में हो उन लोगों के अधिकारों का सम्मान करेंगे।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मुझे यह समझना होगा कि निजी डेटा क्या होता है।
- मैं निजी डेटा का उपयोग तभी करूँगा/करूँगी जब ऐसा करना मेरे काम के लिए आवश्यक हो।
- मैं निजी डेटा को आवश्यकता से अधिक समय तक नहीं रखूँगा/रखूँगी।
- मैं निजी डेटा को सुरक्षित रखूँगा/रखूँगी।
- मैं निजी डेटा को जानने की आवश्यकता के आधार पर ही साझा करूँगा/करूँगी।

## आप क्या करेंगे?

**प्र किसी ने आप से संपर्क किया है जिसने आपके किसी भूतपूर्व कर्मचारी का संपर्क विवरण माँगा है जिन्होंने हाल ही में जॉनसन मैथे को छोड़ा है, ताकि वे उस कर्मचारी को उनकी नयी नौकरी के लिए शुभकामनाएं दे पाएं।**

**उ** आपको उस व्यक्ति की पूर्वानुमति के बिना यह जानकारी प्रदान नहीं करनी चाहिए। आपको वह कॉल अपने स्थानीय मानव संसाधन विभाग को भेजनी चाहिए, या, अगर आप अब भी अपने भूतपूर्व सहकर्मी से संपर्क रखते/रखती हों, तो आप संदेश ले कर सीधे उन्हें पहुँचाने का प्रस्ताव कर सकते/सकती हैं।

**प्र आप एक लाइन मैनेजर हैं और आपको अभी ध्यान में आया है कि आपने किसी टीम सदस्य की बीमारी संबंधी चिट्ठी HR को भेजने के बजाए किसी और को भेज दी है।**

**उ** आपको तुरंत संदेश वापस लेने की कोशिश करनी चाहिए और उस व्यक्ति से संपर्क करना चाहिए जिसे आपने वह भेजा है और उन्हें बताना चाहिए कि आपने वह गलती से भेजा है और यह कि उन्हें वह बिना पढ़े मिटा देना चाहिए। यदि आप उन से संपर्क करने में अक्षम हों, तो आपको डेटा संरक्षण टीम से सलाह लेने के लिए इस एड्रेस पर ईमेल भेजना चाहिए DPO@matthey.com।

इसे समस्या होने से वचने के लिए, आपको संवेदनशील जानकारी ईमेल से भेजने से वचना चाहिए। यदि आपके पास और कोई विकल्प न हो, तो आपको पहले ही उस दस्तावेज को पासवर्ड रक्षित बना देना चाहिए और उस पासवर्ड को किसी और तरीके से भेजना चाहिए ना कि ईमेल से (उदाहरण के लिए एसएमएस या आईएम)। भेजने से पहले हमेशा जाँचें कि आपने सही प्राप्तकर्ता का विवरण लिखा हो।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- हमारे लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- डेटा संरक्षण नीति
- जानकारी सुरक्षा नीति
- DPO@matthey.com
- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट

# मानव अधिकार

**मानव अधिकारों का सम्मान करना हमारे व्यापार का मूलभूत तरीका है।**

हम यह स्वीकार करते हैं कि हम अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के हमारे साथ करने वाले और हम जिनमें प्रचालन करते हैं उन समुदायों में रहने वाले लोगों पर होने वाले प्रभाव के लिए ज़िम्मेदार हैं।

हम यह ज़िम्मेदारी निभाने के लिए हम जिनके साथ काम करते हैं उन व्यक्तियों और उन से संबंधित व्यक्तियों के मानव अधिकारों को प्रोत्साहन और संरक्षण प्रदान करने के लिए हमारी प्रतिष्ठा का उपयोग करते हैं।

जॉनसन मैथे आतंर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान कोर कन्वेन्शनों, संयुक्त राष्ट्र संघ ('UN') वैश्विक प्रभाव और व्यापार और मानव अधिकारों से संबंधित UN मार्गदर्शी सिद्धांतों में परिभाषित सिद्धांतों का समर्थन करता है। जॉनसन मैथे कार्य स्थिति, श्रम मान, आधुनिक गुलामी, मानव तस्करी, भेदभाव और उत्पीड़न संबंधी लागू कानूनों और नियमों का अनुपालन करते हैं।



हम जिनका समर्थन करते हैं उन सिद्धांतों में हैं:

- हम हर कर्मचारी के कौशल और योगदान को स्वीकार करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें न्यायपूर्ण और वाजिब वेतन दिया जाए।
- हम कर्मचारियों के कार्य और घर के जीवन के बीच एक स्वास्थ्यपूर्ण संतुलन को प्रोत्साहन देते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कार्य घंटे और ओवरटाइम सभी लागू कानूनों के अनुसार हों।
- हम 16 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखेंगे और बाल मज़दूरी को प्रतिबंधित करने वाले सभी कानूनों का अनुपालन करेंगे। 16 और 18 वर्ष के बीच की आयु के व्यक्तियों को केवल एक पर्यवेक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ही नियुक्त किया जाएगा।
- हम किसी तरह की गुलामी या बेगारी में किए गए श्रम का उपयोग नहीं करेंगे और हम मानव तस्करी पर प्रतिबंध लगाएंगे।
- हम कर्मचारियों के पूर्ण और खुले संचार का बिना प्रतिहिंसा के डर के सम्मान करने को वचनबद्ध हैं, चाहे प्रबंधन के माध्यम से हो या फिर बाहरी परामर्शक इकाइयों के माध्यम से।
- हम लिंग, वैवाहिक स्थिति, आयु, जाति, मूल वंश, यौन विन्यास, धार्मिक मान्यताओं, अक्षमता या किसी भी अन्य संरक्षित गुण के कारण किसी भी रूप में भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं।
- हम सभी शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार या अनुशासन, यौन या अन्य उत्पीड़न और किसी भी अन्य रूप से डराने - धमकाने को प्रतिबंधित करते हैं।
- हम एक सच्चा बुद्धिशालियों का संगठन बनेंगे जो कि सभी रूपों में अंतर का स्वागत करता है और विविधता को स्वीकार कर के साझा मूल्यों के आधार पर समानता और समावेशन को प्रोत्साहन देता है।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं अपने कार्यों के दूसरों पर होने वाले विस्तृत प्रभाव के बारे में सोचता/सोचती हूँ।
- मैं अपने कार्य के दौरान जिस लोगों के संपर्क में आता/आती हूँ उन सभी के मानव अधिकारों का सम्मान करता/करती हूँ।
- मैं जॉनसन मैथे में वैविध्यपूर्ण और समावेशी संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए वचनबद्ध हूँ।
- मैं जॉनसन मैथे के किसी भी हिस्से में आधुनिक गुलामी और अन्य श्रम संबंधी दुर्व्यवहारों के बारे में चिंता व्यक्त करने के लिए ज़िम्मेदार हूँ।

# मानव अधिकार

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आपकी टीम में एक खाली स्थान है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से एक की हाल ही में शादी हुई है और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह जल्दी ही अपना परिवार बढ़ाना चाहते/चाहती हैं। इस पद के लिए आवश्यक प्रशिक्षण काफी महँगा है और आप ऐसे व्यक्ति पर प्रशिक्षण का पैसा खर्च करना नहीं चाहते/चाहती हैं जो जल्दी ही मातृत्व/पितृत्व की छुट्टी पर जाने वाला है। क्या आपको इस व्यक्ति के बारे में विचार करना होगा?**

उ हाँ, आपको इस उम्मीदवार के बारे में विचार करना होगा। हम व्यक्तियों को उनकी क्षमताओं के आधार पर काम पर रखते हैं, ना कि उनकी वैवाहिक या मातृत्व/पितृत्व की स्थिति के आधार पर। व्यक्ति उस पद के लिए पात्र है या नहीं यह निर्धारित करने के लिए आपको पहले उनके कौशलों और अनुभव के बारे में न्यायी ढंग से विचार करना होगा। यदि आपको कोई प्रश्न हों तो आपको अपनी स्थानीय HR टीम से संपर्क करना चाहिए।

**प्र मैंने अनौपचारिक रूप से सुना है कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं में से एक की बाल मज़दूरी उल्लंघनों के लिए जाँच की जा रही है। वह एक बेहतरीन आपूर्तिकर्ता रहे हैं और मुझे पहले की किन्हीं समस्याओं के बारे में पता नहीं है। क्या मुझे इन अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए क्योंकि हमारे पास कोई वास्तविक साक्ष्य नहीं है?**

उ नहीं। जॉनसन मैथे का मानव अधिकार का सम्मान करने का कर्तव्य है और इसमें बच्चों के शोषण की अनुमति न देना शामिल है। आपको अपने मैनेजर और अधिप्राप्ति टीम को तुरंत सूचित करना होगा और वह आपको मानक पूरे हों यह सुनिश्चित करने के लिए आगे के चरणों के बारे में सलाह देंगे।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- साथ मिल कर काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- समूह और स्थानीय मानव संसाधन
- HR नीतियाँ
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- विधि विभाग
- समूह वहनीयता
- JM का आधुनिक गुलामी संबंधी वक्तव्य
- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट

# हितों का टकराव

**हम कर्मचारियों को हितों और जॉनसन मैथे के श्रेष्ठ हितों के बीच के संघर्ष के जोखिमों के प्रति सजग हैं।**

हितों का टकराव वहाँ होता है जहाँ किसी कर्मचारी की निजी, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक गतिविधियाँ या संबंध के जॉनसन मैथे के लिए जो श्रेष्ठ है वह करने में उसके फैसले या स्वतंत्रता को प्रभावित करे ऐसी संभावना हो।

हितों के टकराव से लिए गए व्यावसायिक निर्णय की गुणवत्ता और उन निर्णयों को लेने वाले व्यक्ति की सत्यनिष्ठा के संबंध में संदेह पैदा हो सकते हैं। हित के द्वन्द्व का आभास भी उतना ही क्षतिकारक हो सकता है जितना कि वास्तविक हित का द्वन्द्व क्षतिकारक साबित होता है। हम अपने कर्मचारियों से सत्यनिष्ठा से काम करने और किसी वास्तविक हितों के टकराव से वचने या फिर किसी आभासी या संभाव्य हितों के टकराव से वचने या कम्पनी के अनुमोदन से उसका समाधान (प्रबन्धन) करने की आशा करते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आप ऐसी किसी भी स्थिति का तुरंत अपने मैनेजर, HR, समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने प्रकटन करें जिनके बारे में आपका ऐसा मानना हो कि उससे कोई वास्तविक, संभावित या आभासी हितों का टकराव होने की संभावना है, जिससे कि योग्य कार्यवाही पर सहमति की जा सके। अकसर, हितों के टकराव को सरल और परस्पर स्वीकार्य तरीके से हल किया जा सकता है जब इस संबंध में तत्काल और खुली चर्चा की जाती है।



# हितों का टकराव

जारी

कुछ सामान्य स्थितियां जिनसे हितों का टकराव पैदा हो सकता है, वे निम्नलिखित हैं:

- ऐसी कंपनी का स्वामीत्व या उसमें निवेश, जिसाक जॉनसन मैथे से लेन-देन हो या फिर जो हमारी प्रतिस्पर्धी हो।
- दोस्तों या रिश्तेदारों को काम पर रखना या उनका पर्यवेक्षण करना।
- किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी के लिए काम करने वाले दोस्त या रिश्तेदार।
- बाह्य निदेशक मंडल की सदस्यता।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं ऐसी परिस्थितियों से बचता/बचती हूँ जिन में मेरे निजी हितों का जॉनसन मैथे के हितों से टकराव हो सकता है।
- मैं किसी भी संभावित, आभासी या वास्तविक टकराव का अपने मैनेजर, HR, समूह विधि विभाग या समूह नीति और अनुपालन विभाग के सामने प्रकटन करता/करती हूँ (और मेरी अधिसूचना के समर्थन के लिए एक हितों के टकराव की रिपोर्ट फॉर्म भरूँगा/भरूँगी) ताकि उसे संबोधित करके यथाशीघ्र उसका समाधान किया जा सके।
- जब मैं निश्चित न होऊँ कि किसी विशेष परिस्थिति से हितों का टकराव होता है या नहीं, तो मैं अपने मैनेजर या समूह विधि विभाग से परामर्श लेता/लेती हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र आपकी साइट पर एक पद खुला है जिसमें आपको लगता है कि आपकी एक सहेली/दोस्त को रुचि होगी; तथापि, आपको निश्चित रूप से नहीं पता है कि आपके संबंध के चलते आप उसका नाम उस पद के लिए सामने रख सकते/सकती हैं या नहीं.**

उ हमारे श्रेष्ठ कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारी रेफेरल से आते हैं। अगर आपको लगता है कि आपकी सहेली अच्छी तरह से अर्हताप्राप्त है और कंपनी में एक अच्छा इजाफा साबित होगी, तो आपको अपनी स्थानीय HR के सामने उसका और उसके साथ अपने संबंध का उल्लेख करना चाहिए। आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि आप भरती प्रक्रिया में बिल्कुल भी शामिल न हों और यह पद कोई ऐसा पद नहीं होना चाहिए जिसके आप सीधे पर्यवेक्षक हैं।

**प्र आप से एक लाभ-निरपेक्ष संस्था के बोर्ड पर सेवा देने को कहा गया है जो कि जॉनसन मैथे में आपके काम से संबंधित किसी क्षेत्र में खोज कर रही है। आप इसे स्वीकार करना चाहेंगे और आपका यह विश्वास है कि यह आपके कैरियर के विकास के लिए एक रुचिकर घटना होगी।**

उ आपको खुले मन से इस अवसर के बारे में अपने मैनेजर से बात करनी चाहिए। यह पद ना केवल हितों के टकराव का कारण बन सकता है, बल्कि आपको प्रतिस्पर्धा संबंधी विषयों के बारे में भी विचार करना पड़ सकता है। यदि कोई न्यायी कार्यवाही निर्धारित की जा सकती है (और हितों के टकराव की रिपोर्ट फॉर्म में दर्ज की जाती है), जो कि संभावित हितों के टकराव या प्रतिस्पर्धा संबंधी प्रश्नों को हटा देती है, तो जॉनसन मैथी आपको यह बोर्ड पद स्वीकार करने की अनुमति दे सकता है।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट
- हितों के टकराव संबंधी नीति
- हितों का टकराव मार्गदर्शन
- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- समूह या स्थानीय HR



# बाज़ार

मैं ज़िम्मेदारी पूर्वक, न्यायी ढंग से और
कानूनी ढंग से व्यापार करने को वचनबद्ध हूँ।






| | |
|---|---|
| तीसरे पक्ष | 34 |
| रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार | 37 |
| उपहार और आतिथ्य | 40 |
| न्याययुक्त प्रतिस्पर्धा | 43 |
| वित्तीय अपराध | 46 |
| व्यापार और निर्यात नियंत्रण | 49 |
| लेनदेन में चेतावनी के संकेत | 52 |

# तृतीय पक्ष

**हमें हर समय यह जानकारी रखनी चाहिए कि हम किनके साथ कार्य-व्यवहार कर रहे हैं।**

हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम ऐसे तृतीय पक्षों के साथ काम न करें जो अनैतिक व्यवहार या भ्रष्ट रीतियों से जॉनसन मैथे की प्रतिष्ठा को हानि पहुँचा सकते हैं। हमें जानना चाहिए कि हम किसके साथ कार्य-व्यवहार कर रहे हैं, ताकि हम रिश्वत और भ्रष्टाचार संबंधी, व्यापार और निर्यात नियंत्रण संबंधी और धनशोधन विरोधी कानूनों जैसे विस्तृत और तकनीकी कानूनों का अनुपालन कर पाएं। हमें यह अवश्य ही सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अप्रत्यक्ष रूप से पैसे या सामग्रियों को गलत हाथों में देकर भ्रष्ट या अनैतिक व्यवहार को प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं।

जॉनसन मैथे में, ऐसा प्रक्रियाएं हैं जो हमें यह जानने में सहायक होती हैं, कि हम किसके साथ कार्य व्यवहार कर रहे हैं, चाहे वह ग्राहक हों, आपूर्तिकर्ता हों, साझेदार हों, एजेंट हों, वितरक हों, लॉजिस्टिक्स प्रदाता हों या फिर कोई ऐसा तृतीय पक्ष हो जिसके साथ हमारा व्यापारी या अन्य संबंध हो। विशेष रूप से, हमारी एक उच्च जोखिम तृतीय पक्ष प्रतिनिधि प्रक्रिया है (जो कि उच्च जोखिम वाले देशों में एजेंटों, वितरकों, सरकारी बिचौलियों, और कुछ लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं पर लागू होती है) जिसका उद्देश्य इन पक्षों के साथ उनके JM के साथ कार्यलक्षी संबंध की पूरी अवधि के दौरान कार्यवाही करने के जोखिम का प्रबंधन करना है। हम केवल उन्हीं के साथ काम करेंगे जो कि सत्यनिष्ठा के लिए जाने जाते हों, और जो जॉनसन मैथे के जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिकतापूर्ण व्यवहार के लिए जाने जाते हों।



### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं अपने आपूर्तिकर्ताओं, उनके कर्मचारियों, और आपूर्ति श्रृंखला से जॉनसन मैथे के गुणवत्ता और सत्यनिष्ठा के मानकों के अनुसार काम करने की अपेक्षा करता/करती हूँ।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय पक्ष बिचौलियों के साथ लेन-देन करने से पहले उपयुक्त जाँच और छानबीन की जाए।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं जब उच्च जोखिम वाले तृतीय पक्ष बिचौलिये के साथ लेन-देन कर रहा/रही होऊँ तब मैं उच्च जोखिम तृतीय पक्ष बिचौलिया प्रक्रिया का पालन करूँ।
- मैं गैरकानूनी, भ्रष्ट या किसी भी तरह के अनैतिक व्यवहार का इंगित करते हों ऐसे चेतावनी के लक्षणों को पहचानने में सतर्क रहता/रहती हूँ।

बाज़ार

### लेनदेन में चेतावनी के संकेत

तृतीय पक्षों के साथ किसी भी लेन-देन या अंतःक्रिया में ऐसे संकेत या लक्षण हो सकते हैं जिन से पता चल सके कि कुछ ठीक नहीं है। इन्हें लेन-देन के चेतावनी संकेत या 'रेड फ्लैग' (लाल ध्वज) कहा जाता है और इन्हें हमेशा समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने जाँच के लिए उजागर किया जाना चाहिए। लेन-देन में चेतावनी के संकेत पहचानने के तरीकों के बारे में और जानकारी के लिए, पृष्ठ 52 पर दिए हुए उदाहरणों की सूचि देखें।

# तृतीय पक्ष
जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आपके पास मलेशिया में एक ऐसा एजेंट नियुक्त करने के लिए बहुत छोटी अवधि है जो कि एक नये बाज़ार में एक बड़ा अनुबंध प्राप्त करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। आपके पास एजेंट के बारे में उचित छानबीन करने का समय नहीं है लेकिन उसे आज ही नियुक्त करना चाहते हैं।**

उ आप इस एजेंट को तब तक नियुक्त नहीं कर सकते/सकती हैं जब तक कि उन्हें उच्च जोखिम तृतीय पक्ष प्रतिनिधि प्रक्रिया के तहत शामिल नहीं किया गया है। आपको एक व्यापारी समर्थन तैयार कर के स्वीकृति प्राप्त करनी होगी और साथ ही उपयुक्त खोज छानबीन करनी होगी जिसके बाद आप उसके साथ एक स्वीकृत अनुबंध कर पाएंगे/पाएंगी। आगे के मार्गदर्शन के लिए आपको समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग से बात करनी चाहिए। वे उचित छानबीन प्रक्रिया में मदद करेंगे और उपयुक्त अनुबंध आवश्यकताएं तैयार करेंगे।

**प्र आपने हाल ही में एक नये ग्राहक को माल की आपूर्ति करना शुरू किया है। आप देखते/देखती हैं कि माल के लिए कुछ भुगतान एक कदाचित असंबंधित संस्था, जो कि एक दूसरे देश में स्थित है, से आ रहा है और यह कि माल उस देश में नहीं भेजा जा रहा है जहाँ पर आपका ग्राहक स्थित है।**

उ जब तक आपको परिस्थिति पूरी तरह से समझ में न आए और आपने सुनिश्चित न कर लिया हो कि सभी पक्षों की उपयुक्त छानबीन कर ली गई है आपको किन्हीं भी आगे के भुगतानों की प्राप्ति को रोकना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि हम ना केवल जानें कि हमारे ग्राहक कौन हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि भुगतान केवल संबंधित ग्राहकों द्वारा किए जा रहे हैं और हमारे माल और प्रौद्योगिकी ऐसी संस्थाओं को नहीं भेजा जा रहा है जिनको हम सीधे वह माल नहीं बेचेंगे। आगे के मार्गदर्शन के लिए समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग से बात करें।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- साथ मिल कर काम करना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति
- वैश्विक उच्च जोखिम लेन-देन संबंधी नीति और प्रक्रिया
- क्षेत्र विधि
- वित्तीय अपराध नीति
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- समूह वहनीयता

# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

**हम रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के सभी रूपों का विरोध करने के लिए वचनबद्ध हैं और किसी भी भ्रष्ट गतिविधि के लिए हम बिल्कुल सहिष्णुता नहीं वाला अभिगम अपनाते हैं।**

हमारे व्यापार में कोई भी अयोग्य भुगतान या रिश्वत लेने या देने के लिए कोई जगह नहीं है।

**रिश्वतखोरी** यानी कि किसी भी ऐसे लाभ या उपहार को देने का प्रस्ताव करना, देना या प्राप्त करना, जिसका उद्देश्य किसी निर्णय या परिणाम को अयोग्य रूप से प्रभावित करना है। रिश्वत के कई रूप हो सकते हैं जैसे नकदी, उपहार, आतिथ्य, प्रमोशन का खर्च, नकदी समकक्ष (जैसे गिफ्ट कार्ड) सेवाएं, अनुग्रह, राजनैतिक चंदे या दान भी हो सकते हैं।

**भ्रष्टाचार** कोई भी गैरकानूनी, अवैध या अयोग्य व्यवहार है जिसका उद्देश्य कोई फायदा उठाना हो। इसमें रिश्वत, धोखाधड़ी, वसूली, चोरी, शक्ति का दुरूपयोग तथा धन-शोधन (काले धन को वैध बनाना) शामिल है।

**फेसिलिटेशन पेमेन्ट** छोटे अनाधिकारिक भुगात हैं जो किसी ऐसे नियमित कार्य को तेज़ी से या सुरक्षित रूप से करवाने के लिए चुकाया जाता है, जिसको करना अधिकारी के कर्तव्यों का हिस्सा है। ये भुगतान रिश्वत हैं (इनका आकार या स्थानीय व्यवसाय की रीतियाँ जो भी हों) और अक्सर गैरकानूनी होते हैं।

हम ना केवल रिश्वत देने का प्रस्ताव नहीं करते नहीं देते या नहीं लेते, बल्कि तृतीय पक्ष (जैसे कि एजेंट, वितरक/रीसेलर, लॉजिस्टिक्स प्रदाता, सरकारी बिचौलिए, आदि) जो जॉनसन मैथे की ओर से काम करते हैं, उनके द्वारा भी रिश्वत का प्रस्ताव रखने, देने या प्राप्त करने पर भी प्रतिबंध है।



# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

जारी

**सरकारी अधिकारियों से व्यवहार करना**

हमें कभी भी किसी सरकारी अधिकारी को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कुछ भी मूल्यवान देने का प्रस्ताव नहीं करना चाहिए, वचन नहीं देना चाहिए, या नहीं देना चाहिए, जब ऐसा करने का उद्देश्य उन्हें उनके काम में प्रभावित करना हो या फिर वह व्यापार या व्यापारी लाभ प्राप्त करने या बनाए रखने के उद्देश्य से दिया जा रहा हो। सरकारी स्वामीत्व वाले संगठनों के कर्मचारियों के साथ व्यवहार करते समय विशेष रूप से सावधान रहें, क्योंकि ये व्यक्ति कुछ देशों में सरकारी अधिकारी माने जा सकते हैं। निश्चित होने के लिए कर्मचारियों को हमेश समूह के विधि विभाग की सलाह लेनी चाहिए, जब इस विषय में शक हो कि कोई व्यक्ति सरकारी अधिकारी है या नहीं।

सरकारी अधिकारियों के साथ काम करते समय कैसी सावधानी बरतनी चाहिए उसके बारे में और पढ़ने के लिए पृष्ठ 40 पर उपहार और आतिथ्य खंड देखें।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं कभी भी रिश्वत देने का प्रस्ताव नहीं करता/करती, नहीं देता/देती और नहीं लेता/लेती हूँ।
- मैं हमेशा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार की रोकथाम, पहचान और रिपोर्ट करने के लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदारी लेता/लेती हूँ।
- मैं ऐसी कोई भी गतिविधि करने से बचता/बचती हूँ जिससे भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी हो, या ऐसा आभास हो कि यह हो रहे हैं।
- मुझे मालूम है कि रिश्वत या भ्रष्टाचार के सुझाव ही से जॉनसन मैथे और मेरी दोनो की सत्यनिष्ठा से संबंधित प्रतिष्ठा को चोट पहुंच सकती है और कारोबार करने की योग्यता बाधित हो सकती है।

**लेनदेन में चेतावनी के संकेत**

तृतीय पक्षों के साथ किसी भी लेन-देन या अंतःक्रिया में ऐसे संकेत या लक्षण हो सकते हैं जिन से पता चल सके कि कुछ ठीक नहीं है। इन्हें लेन-देन के चेतावनी संकेत या 'रेड फ्लैग' (लाल ध्वज) कहा जाता है और इन्हें हमेशा समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने जाँच के लिए उजागर किया जाना चाहिए। लेन-देन में चेतावनी के संकेत पहचानने के तरीकों के बारे में और जानकारी के लिए, पृष्ठ 52 पर दिए हुए उदाहरणों की सूचि देखें।

## आप क्या करेंगे?

**प्र मूल्यवान रसायनों का एक शिपमेंट कस्टम्स में फंसा हुआ है। दुर्भाग्यवश, कोई आधिकारिक फास्ट ट्रैक प्रक्रिया नहीं है। तथापि, आपसे सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा कहा जाता है कि यदि जॉनसन मैथे द्वारा एक छोटी राशि का भुगतान किया जाता है, तो शिपमेंट को कल ही क्लीयर कर दिया जाएगा; अन्यथा इसमें हफ्तों लग सकते हैं।**

उ इस प्रकार का भुगतान फेसिलिटेशन पेमेन्ट होता है और यह अवैध होता है। भुगतान न करें और तुरंत इसकी रिपोर्ट अपने मैनेजर, समूह विधि विभाग, समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग को कर के आगे की सलाह लें।

**प्र आपका सहकर्मी आपको सूचित करता है कि उसने जॉनसन मैथे के लिए एक नये आपूर्तिकर्ता को रखा है। आपको यह सुन कर आश्चर्य होता है, क्योंकि आपका मानना था कि आपूर्तिकर्ता की कीमतें बाज़ार से अधिक थीं। अनुबंध पर हस्ताक्ष करने के कुछ समय बाद जब आपको पता चलता है कि रखा गया आपूर्तिकर्ता आपके सहकर्मी का बेटा है, तो आपको शक हो जाता है।**

A आपको **आवाज़ उठानी** चाहिए। इस मामले को अपने मैनेजर, समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने उठाएं। आपके सहकर्मी ने अपने बेटे को काम पर रखने के रूप में रिश्वत ली हो सकती है। यदि यह सच हो, तो आपके सहकर्मी के निर्णय ने ना केवल जॉनसन मैथे को दूसरे आपूर्तिकर्ताओं से अधिक फायदेमंद प्रस्तावों के लाभ से वंचित रखा, बल्कि यह एक गुनाह भी हो सकता है और इससे जॉनसन मैथे की कानूनी उत्तरदायिता हो सकती है। आपको तुरंत अपने शक की रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि इसकी जाँच की जा सके, और, यदि आवश्यक हो, तो आपके सहकर्मी के व्यवहार के हानिकारक प्रभाव को कम किया जा सके।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट
- वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति
- उच्च जोखिम तृतीय पक्ष प्रतिनिधि संबंधी प्रक्रिया
- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग

# उपहार और आतिथ्य

**हम उपहार और आतिथ्य का प्रस्ताव करते समय, उसे देने या प्राप्त करते समय सावधानी बरतते हैं।**

उपहार और आतिथ्य का उपयोग वैध और मैत्रीपूर्ण व्यापारी संबंध बनाने या बनाए रखने के तरीके के रूप में किया जा सकता है। तथापि, कभी-कभी एक असली उपहार या आतिथ्य और एक रिश्वत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है, और हमें हमेशा ध्यान से इस बात के बारे में सोचना होगा कि हम किस तरह से जॉनसन मैथे के पैसे और संसाधन खर्च कर रहे हैं।

जब कोई उपहार या आतिथ्य प्रस्तावित किया जाता है, दिया या लिया जाता है, तो अपनी विवेकबुद्धि का उपयोग कर के निर्धारित करें कि क्या यह हमारी वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति और पूर्वस्वीकृति, वित्तीय मर्यादाओं और रिकॉर्डिंग के अनुसार है जो कि आपके व्यापार पर लागू होते हैं। इसके अलावा, आपको अधिक विस्तृत रूप से इस बात पर विचार करना चाहिए कि अधिक विस्तृत रूप से इसे कैसे देखा जा सकता है और हमेशा यह भी कि क्या यह जॉनसन मैथे के पैसे और संसाधन का अच्छा उपयोग है। अगर आपको शंका हो, तो आगे के मार्गदर्शन के लिए आपको समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग से बात करें।

कोई भी उपहार या आतिथ्य:

- **सद्भावना** से प्रस्तावित किया, दिया या लिया जाना चाहिए – जिसका उद्देश्य केवल वैध व्यापारी संबंध विकसित करने या बनाए रखना हो या फिर सामान्य शिष्टाचार का हिस्सा हो; और उसे या तो:
  - **नाम मात्र** का या न्यूनतम मूल्य का होना चाहिए (जैसे कि छोटे प्रमोशनल आइटम, डायरीस कैलेन्डर या ऐसी चीज़ें जिन पर प्रदाता का लोगो हो); या फिर
  - **कम** मूल्य का होना चाहिए और खर्चीला या उड़ाऊ नहीं होना चाहिए।
- प्रकार, मूल्य और अवसर और विशेष परिस्थितियों में प्रदान किये जाने की बारंबारता में **वाजिब और उपयुक्त** होना चाहिए जिसमें स्थानीय सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं का संदर्भ शामिल है।
- वाजिब व्यवसायिक रीतियों के साथ **सुसंगत** होना चाहिए।
- **वैध** और प्राप्तकर्ता की अपनी उपहार और आतिथ्य नीति के तहत स्वीकार्य होना चाहिए।

**सरकारी अधिकारियों को दिए जाने वाले उपहार और आतिथ्य**

- कुछ देशों में उनके सरकारी अधिकारी को जो उपहार और आतिथ्य स्वीकार कर सकते हैं उनके मूल्य और प्रकार पर बहुत कड़ी मर्यादाएं होती हैं। इसलिए, अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए और आपको किन्हीं भी सरकारी अधिकारियों प्रस्तावित, उन्हें दिए गए या उन से प्राप्त उपहार और आतिथ्य के लिए अग्रिम स्वीकृति माँगनी चाहिए। इसके अलावा, हमें इस बात को जानना चाहिए कि विभिन्न देशों में 'सरकारी अधिकारियों' की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है और संभव है कि इसमें सरकार के स्वामीत्व वाले व्यसायों में काम करने वाले व्यक्ति भी शामिल हों। याद रखें, यह हमेशा स्पष्ट नहीं होता कि कोई सरकारी अधिकारी है या नहीं, इसलिए, अगर आपको इस बात में कोई भी शंका हो कि आप किसके साथ व्यवहार कर रहे हैं, तो समूह विधि विभाग और समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से पूछें और आवश्यकतानुसार उन से परामर्श लें।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- Iमैं कभी भी ऐसे उपहार या आतिथ्य प्रदान करने का प्रस्ताव नहीं करता/करती, देता/देती नहीं या लेता/लेती नहीं हूँ जो कि रिश्वत हों या जिन्हें रिश्वत माना जा सके।
- कोई भी उपहार या आतिथ्य देने का प्रस्ताव करने, उसे देने या लेने से पहले मैं ध्यानपूर्वक सोचता/सोचती हूँ कि क्या यह JM की वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति के साथ सुसंगत है।
- यदि मैं किसी सरकारी अधिकारी को कोई उपहार या आतिथ्य देने के बारे में विचार कर रहा/रही होऊँ तो मैं हमेशा अग्रिम स्वीकृति प्राप्त करता/करती हूँ।
- यदि किसी उपहार या आतिथ्य की उपयुक्तता के बारे में कोई शक हो तो मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैंने पूर्वाधिकृति प्राप्त की हो।

**कुछ खास प्रकार के उपहार या आतिथ्य जिन्हें कभी भी स्वीकार नहीं किया जाता है, फिर चाहे उनका मूल्य कुछ भी क्यों न हो, इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:**

- जिनमें नकदी या नकदी समकक्ष हो
- जो अयोग्य या अपमानजनक हों (उदाहरण के लिए अभद्र या यौन विन्यास वाले)।
- जो छुपे हुए हों (खुलेआम दिए जाने के बजाए गुप्त रूप से दिए जाते हैं)।
- जिन से हितों का टकराव हो, या फिर हितों का टकराव होने का आभास हो।





# उपहार और आतिथ्य

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आपको किसी आपूर्तिकर्ता से £50 का गिफ्ट कार्ड मिला है। उसका उपयोग केवल कुछ खास दुकानों से चीज़ें खरीदने के लिए ही किया जा सकता है। क्या आप इसे स्वीकार कर सकते/सकती हैं?**

उ नहीं, आप किसी व्यावसायिक साझीदार से कोई गिफ्ट कार्ड, सर्टिफिकेट या वाउचर स्वीकार नहीं कर सकते/सकती हैं, चाहे उसका मूल्य जो भी हो, क्योंकि इसे नकदी समकक्ष माना जाता है और हमारी नीति है ना तो नकदी या नकदी समकक्ष वस्तुएं उपहार में देना और ना ही उन्हें स्वीकार करना। आपको नम्रतापूर्वक वह गिफ्टकार्ड लेने से इन्कार कर देना चाहिए और आपूर्तिकर्ता को समझाना चाहिए कि JM के उपहार और आतिथ्य मार्गदर्शन का अर्थ है आप उसे स्वीकार नहीं कर पाएंगे/पाएंगी।

**प्र आप अपने प्रमुख ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक साझीदारों के लिए एक दो दिन लंबी तकनीकी कॉन्फ्रेंस आयोजित करना चाहते/चाहती हैं। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य होगा तकनीकी प्रगति का प्रचार करना और साथ ही व्यावसायिक संबंधों को और शक्तिशाली बनाना। क्या यह ठीक है?**

उ हाँ एक स्पष्ट रूप से परिभाषित व्यावसायिक उद्देश्य से कॉन्फ्रेंस का आयोजन करना JM में एक स्वीकार्य व्यावसायिक रीति है। अपनी कॉन्फ्रेंस का आयोजन करते समय आपको यह ध्यान रखना होगा की आप उपहार और आतिथ्य संबंधी सिद्धांतों का अनुसरण करें। भोजन, निवास और किन्हीं भी मनोरंजक गतिविधियों सहित पूरा आतिथ्य कम मूल्य का होना चाहिए और खर्चीला या उड़ाऊ नहीं होना चाहिए। आपके मेहमानों की यात्रा का खर्च चुकाना सामान्य बात नहीं है। यदि आप निश्चित रूप से न जानते हों या आपको और मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट
- वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति
- स्थानीय उपहार और आतिथ्य संबंधी नियम/मार्गदर्शन
- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग

# न्याययुक्त प्रतिस्पर्धा

**हम जानते हैं कि खुलेआम और न्याययुक्त तरीके से प्रतिस्पर्धा करना व्यापार के लिए सब से अच्छा है।**

प्रतिस्पर्धी बाज़ारों के फलस्वरूप, उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर उच्चतम गुणवत्ता का सामान उपलब्ध होता है और ऐसी स्थिति में केवल सर्वाधिक कार्य कुशल कंपनियां ही अपने कारोबार को कर सकती हैं और प्रगति करती हैं।

प्रतिस्पर्धा संबंधी कानून (जिन्हें कभी-कभी स्पर्धारोधी या एकाधिपत्य रोधी कानून भी कहा जाता है) जटिल हो सकते हैं और विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकते हैं। तथापि, ऐसे सामान्य संघटक हैं जो हम आपूर्ति श्रृंखला के अन्य व्यक्तियों से जो सहमतियाँ करते हैं (विशेष रूप से हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ) उनसे, संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी साझा करने और जब हमारे पास किसी बाज़ार या व्यापार का एक बड़ा हिस्सा हो तब हम जिस तरह से व्यवहार करते हैं उससे संबंधित होते हैं।

निम्नलिखित गतिविधियों के प्रति सावधान रहें, क्योंकि ये स्पर्धारोधी हैं:

- कीमत निर्धारण, ग्राहकों या कार्यनीतियों सहित स्पर्धात्मक दृष्टि से संवेदनशील जानकारी के बारे में प्रतिस्पर्धियों से चर्चा करना या साझा करना।
- ग्राहकों, व्यापार क्षेत्रों या बाज़ारों के विभाजन या साझा करने के बारे में प्रतिस्पर्धियों से चर्चा करना या इसके लिए सहमति करना।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ इस बात पर सहमति बनाना कि हम किस प्रकार से (या क्या) विशिष्ट ठेकों के संबंध में बोली लगाएंगे।





# न्याययुक्त प्रतिस्पर्धा

जारी

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- तृतीय पक्षों के साथ व्यवहार करते समय (विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी, मेरी आपूर्ति श्रृंखला में हों वे व्यक्ति और ग्राहक) मैं प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों के जोखिम के बारे में सतर्क होता/होती हूँ और समझता/समझती हूँ कि जॉनसन मैथे को कीमतों और कार्यनीति के बारे में स्वतंत्र निर्णय लेने होंगे और मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ।
- मैं कभी भी प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेता/लेती हूँ।
- मुझे ज्ञात है कि जॉनसन मैथे के एक हिस्से के ग्राहक जॉनसन मैथे के दूसरे हिस्से के प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं और मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं उसके अनुसार काम करूँ।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि यदि मैं किसी प्रतिस्पर्धी से मिलूँ तो मैं हम जिन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा करते हैं उनके बारे में गोपनीय जानकारी साझा करने से बचूँ। अग्रिम में जॉनसन मैथे प्रतिस्पर्धी मीटिंग फॉर्म भरना और/या मीटिंग के उद्देश्य का विवरण देने वाला अजेन्डा निर्धारित करना इसे स्पष्ट करने और जॉनसन मैथे और मेरी रक्षा करने में सहायक होगा।



## आप क्या करेंगे?

**प्र आप इस समय जिसके लिए टेन्डर निकलने वाला है ऐसे एक अनुबंध के बारे में बात करने के लिए एक ग्राहक की मुलाकात कर रहे/रही हैं। बातचीत के दौरान, ग्राहक आपको आपके प्रतिस्पर्धियों की बोली का इंगित करता है और आपको उनके क्वोट की प्रतियाँ देने का प्रस्ताव रखता है।**

उ क्योंकि ग्राहक ने आपके सामने यह जानकारी व्यावसायिक चर्चा के संदर्भ में प्रकट की है और उसमें उसका इरादा केवल जॉनसन मैथे से बेहतर शर्तें हासिल करना है, आप इस जानकारी का उपयोग कर सकते/सकती हैं, बशर्ते कि आप स्पष्ट रूप से लिखित रूप से जानकारी के स्रोत को रिकॉर्ड करना होगा। तथापि, आपको प्रतिस्पर्धियों के क्वोट की प्रतियाँ प्राप्त करने के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करना चाहिए। यदि आपको ये दस्तावेज़ मिलते हैं, तो आपको यथाशीघ्र समूह विधि विभाग से संपर्क करना चाहिए ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि आगे कौन से कदम उठाए जाने हैं।

**प्र आप अपने किसी ग्राहक के साथ खाना खा रहे/रही हैं जो, आप जानते/जानती हैं कि जॉनसन मैथे के एक अन्य हिस्से के प्रतिस्पर्धी हैं। किसी खास बाज़ार में आपके ग्राहक द्वारा कीमत के संबंध में सामना की जा रही बाधा के संबंध में बातचीत शुरू हो जाती है। क्योंकि आप इस बाज़ार से परिचित नहीं हैं, इसलिए आपको नहीं मालूम कि इसमें कोई प्रतिस्पर्धा मुद्दा शामिल है लेकिन आपको चिंता है कि ऐसा हो सकता है।**

उ आपको शिष्टता से लेकिन तुरंत ही बातचीत को बंद कर के अपनी चिंता को तुरंत संबोधित करना चाहिए। जैसे ही आप खाना खा कर उठते/उठती हैं, वैसे तुरंत ग्रुप विधि विभाग से संपर्क कर के निर्धारित करें कि अगर कोई हो तो, कौन से कदम उठाए जाने हैं।



### इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

### और अधिक सहायता और संसाधन

- वैश्विक प्रतिस्पर्धा कानून संबंधी नीति और मार्गदर्शन
- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- जॉनसन मैथे प्रतिस्पर्धा बैठक प्रपत्र

# वित्तीय अपराध

**हम सभी सचेत रहने और ऐसे चेतावनी के लक्षणों को पहचानने के लिए ज़िम्मेदार है, जिन से किसी आपराधिक गतिविधि का पता चल सके।**

जॉनसन मैथे में, हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे व्यापारों और सेवाओं का उपयोग धनशोधन, कर चोरी और आतंकवादियों के निधियन जैसे आर्थिक अपराधों के लिए, या ऐसी अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए नहीं किया जाता है, जो कि आपराधिक आय के मूल को छुपाए।

इसलिए, यह अतिमहत्वपूर्ण है कि हम ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तृतीय पक्षों की पहचान, पार्श्वभूमि और उनके काम के बारे में पर्याप्त जानकारी रखें ताकि हम अयोग्य लेनदेन को होने से रोक सकें।

- धन शोधन (काले धन को वैध बनाना) ऐसी प्रक्रिया है जिसमें आपराधिक गतिविधि से प्राप्त होने वाले धन को प्राप्त किया जाता है, गैर कानूनी रूप से प्राप्त की गई राशि के उदगम को छिपाना और लेनदेनों की श्रृंखला के माध्यम से इसकी 'फिल्टरिंग' या 'सफाई' करना शामिल होता है।
- कर चोरी के लिए सुविधा प्रदान करना एक कॉर्पोरेट फौज़दारी अपराध है और यह 'संगठित व्यक्तियों' (उदाहरण के लिए कर्मचारियों, एजेंटो, या अन्य व्यक्ति जो कंपनी की ओर से सेवाएं प्रदान करते हैं) द्वारा तृतीय पक्ष करदाता (जैसे कि हमारे ग्राहक) को जानबूझ कर और बेईमान तरीके से कर चुकाने से वचने में सुविधा प्रदान की जाती है।
- आतंकवादियों का निधियन सामान्य तौर पर लाभ खोजने से ज्यादा सिद्धांतों से संबंधित होता है, और इसमें ना केवल अपराध से कमाया धन शामिल होता है बल्कि वैध स्रोतों से प्राप्त निधि या संपत्ति भी हो सकती है।



### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं हम किसके साथ व्यवहार कर रहे हैं यह जानने और संबंधित छानबीन करने की ज़रूरत को समझता/समझती हूँ।
- मैं ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या तृतीय पक्ष के विवरणों, परिस्थितियों और प्रोफाइल में होने वाले ऐसे किसी भी परिवर्तन के प्रति सजग हूँ जिससे आर्थिक अपराध का जोखिम बढ़ने की संभावना हो।
- मैं हमेशा संदिग्ध प्रतिपक्षों, माँगों, लेनदेनों और/या भुगतानों की रिपोर्ट करने की निजी ज़िम्मेदारी लेता/लेती हूँ।



**लेनदेन में चेतावनी के संकेत**

तृतीय पक्षों के साथ किसी भी लेन-देन या अंतःक्रिया में ऐसे संकेत या लक्षण हो सकते हैं जिन से पता चल सके कि कुछ ठीक नहीं है। इन्हें लेन-देन के चेतावनी संकेत या 'रेड फ्लैग' (लाल ध्वज) कहा जाता है और इन्हें हमेशा समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने जाँच के लिए उजागर किया जाना चाहिए। लेन-देन में चेतावनी के संकेत पहचानने के तरीकों के बारे में और जानकारी के लिए, पृष्ठ 52 पर दिए हुए उदाहरणों की सूचि देखें।

# वित्तीय अपराध

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आपने एक नये रिफाइनिंग ग्राहक के साथ काम करना शुरू किया है। ग्राहक ने हाल ही में उनके बैंक खाते को धनशोधन के अधिक जोखिम वाले एक अधिकारक्षेत्र में बदलने की माँग की है और यह भी माँग की है कि हम उनकी धातु को किन्हीं निर्धारित समयों पर एक असंबद्ध तृतीय पक्ष को लौटाएं।**

उ जहाँ आपके ग्राहक के इन नये निर्देशों के लिए वैध कारण हो सकते हैं, दोनों माँगे संभावित रूप से लेनदेन के लिए चेतावनी के संकेत हो सकते हैं। आपको इन अनुरोधों के कारणों को समझने के लिए अपने ग्राहक से बात करनी चाहिए। यदि ग्राहक बहानेबाज़ी करे या फिर कोई वैध स्पष्टीकरण प्रदान करने को इच्छुक न हो, तो आपको JM के ग्राहक के साथ के संबंध का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। चेतावनी के इन लक्षणों के बारे में समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग को भी जानकारी भेजी जानी चाहिए।

**प्र कोई JM ठेकेदार आपको एक दिन समझाता है कि उसे किसी कंपनी के फुलटाइम कर्मचारी के रूप में काम करने के बजाए एक ठेकेदार के रूप में काम करना ज्यादा अच्छा लगता है क्योंकि इससे उसको कम कर चुकाना पड़ता है।**

उ इस संवाद से पता चलता है कि संभवतः ठेकेदार कर चोरी करता हो सकता है, जोकि जॉनसन मैथे को करचोरी में सहायक होने के कॉर्पोरेट फोजदारी अपराध के लिए ज़िम्मेदार बना सकता है। आपको अपनी चिंता के बारे में तुरंत समूह के विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से बात करनी चाहिए।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट
- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- समूह वित्त विभाग
- समूह कर विभाग
- समूह मानव संसाधन विभाग

# व्यापार और निर्यात नियंत्रण

**हम अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के समय की अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हैं।**

जॉनसन मैथे के अधिकतम व्यापार में सामान, प्रौद्योगिकी, सेवाओं, डेटा और धन को अतंर्राष्ट्रीय सीमाओं के आरपार ले जाना शामिल है और संबंधित कानूनों के अनुपालन में किया जाना चाहिए।

ये गतिविधियाँ निर्यात लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, अंतिम उपयोग/उपयोगकर्ता संबंधी मर्यादाओं, देश के खिलाफ व्यापार प्रतिबंध, सूचीबद्ध व्यक्तिओं, संस्थाओं या बैंकों के साथ व्यवहार पर प्रतिबंध, या कस्टम्स एवं/अथवा कर की आवश्यकताओं के अधीन हो सकते हैं। इसलिए,यह अति महत्वपूर्ण है कि हमें इस बात की जानकारी हो कि हम क्या लेनदेन कर रहे हैं तथा हम किसके साथ कार्य कर रहे हैं ताकि हम उन आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

**माल** में समस्त कच्चा माल, तैयार उत्पाद, मुफ्त नमूने, उत्पादन और अनुसंधान उपकरण तथा पूंजीगत माल शामिल होते हैं। **प्रौद्योगिकी** में रेखाचित्रों, ब्लूप्रिंट, प्लान, चित्र, मॉडल, डिज़ाइन, विशेष विवरण, पत्रिकाएं, निर्देश और तकनीकी ज्ञान जैसी जानकारी शामिल है - चाहे इसे भौतिक रूप से प्रदान किया जाए या इलेक्ट्रॉनिक रूप से।

**हमेशा निम्नलिखित पर विचार करें:**

- **क्या:** उत्पाद वर्गीकरण: क्या आयात या निर्यात किया जा रहा है? क्या यह उत्पाद, सॉफ्टवेयर या तकनीकी डेटा है? क्या माल की प्रकृति या तकनीक या संभाव्य अंतिम उपयोग के लिए निर्यात लाईसेंस की आवश्यकता हो सकती है?
- **कहाँ:** गंतव्य: यह कहाँ जा रहा है? क्या अंतिम गंतव्य देश कोई प्रतिबंध, रोक या अन्य प्रतिबंधों के अधीन आता है?
- **कौन:** अंतिम उपयोगकर्ता: कौन माल प्राप्त करेगा? क्या जिस इकाई या व्यक्ति के साथ आप डील कर रहे हैं, वह 'प्रतिबंधित' इकाई है?
- **कैसे:** अंतिम उपयोग: इसका उपयोग कैसे किया जाएगा? क्या आइटम का संभाव्य या आशयित अंतिम उपयोग नियंत्रण के अधीन है?

# व्यापार और निर्यात नियंत्रण
जारी

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं अवगत हूँ कि सामान, प्रौद्योगिकी, सेवाओं, डेटा या धन (अन्य जॉनसन मैथे सुविधा या जॉनसन मैथे कंपनी को भी) की अतंर्राष्ट्रीय सीमाओं के आरपार की गतिविधि निर्यात नियंत्रण के अधीन हो सकती है।
- मैं अवगत हूँ कि प्रौद्योगिकी की गतिविधि भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक (उदाहरण के लिए ईमेल), लिखित, मौखिक आदान प्रदान और दृश्यमान निरीक्षण से हो सकती है।
- अगर मैं इस बात को निश्चित रूप से जानता/जानती न होऊँ कि सामान, प्रौद्योगिकी, सेवाओं, डेटा या धन की गतिविधि की अनुमति है, तब मैं हमेशा प्रश्न पूछता/पूछती हूँ।
- मैं समझता हूँ कि मुझ पर या मेरी टीम के सदस्यों पर हमारी राष्ट्रीयता के आधार पर और क्या हम किसी खास देश से संबंधित परियोजनाओं या कारोबार के संबंध में कार्य कर रहे हैं अथवा उसको सुगम बना रहे हैं, इन आधारों पर प्रतिबन्ध लगाए जा सकते हैं

**लेनदेन में चेतावनी के संकेत**

तृतीय पक्षों के साथ किसी भी लेन-देन या अंतःक्रिया में ऐसे संकेत या लक्षण हो सकते हैं जिन से पता चल सके कि कुछ ठीक नहीं है। इन्हें लेन-देन के चेतावनी संकेत या 'रेड फ्लैग' (लाल ध्वज) कहा जाता है और इन्हें हमेशा समूह के विधि विभाग या समूह के नैतिकता और अनुपालन विभाग के सामने जाँच के लिए उजागर किया जाना चाहिए। लेन-देन में चेतावनी के संकेत पहचानने के तरीकों के बारे में और जानकारी के लिए, पृष्ठ 52 पर दिए हुए उदाहरणों की सूचि देखें।

## आप क्या करेंगे?

**प्र आप केनेडा में एक नये ग्राहक के साथ भविष्य में बड़ी बिक्री की संभावना के साथ उत्प्रेरकों की पहली बिक्री तय कर रहे हैं। इस बिक्री का अर्थ होगा कि आपका व्यवसाय इस वर्ष बजट पूरा कर देगा और आपको उनकी डिलीवरी संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करना है। आप खरीदार को कुछ अंतिम बातें तय करने के लिए कॉल करते हैं और वह बताता है कि उन्हें पहले कोई आपूर्तिकर्ता नहीं मिला था जो उनके क्यूबा और वेनेज़ुएला स्थित प्लांटों के लिए उत्प्रेरक की आपूर्ति करने को तैयार हो। आपको इससे आश्चर्य होता है, और कॉल के बाद, आप संबंधित कागज़ात को फिर से देखते हैं और आपको पता चलता है कि इन देशों का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।**

उ अपने क्षेत्र की विधि विभाग की टीम और समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें और उन्हें बताएं कि आपको क्या पता चला है और पूछें कि क्या आप बिक्री करना जारी रख सकते हैं। माल उस देश में डिलीवर किया जाए या नहीं, किसी प्रतिबंधित देश में बिक्री करने से JM को बड़ा जुर्माना लग सकता है, हमारे साथ संबंध रखना न चाहते हों ऐसे ग्राहकों से व्यापार खो सकता है, हितधारकों (जैसे कि बैंक या लॉजिस्ट्क्सि प्रदाता) के विश्वास खोना और प्रतिष्ठा को हानि पहुँच सकती है। आपके क्षेत्र की विधि विभाग टीम और समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग टीम सभी शामिल पक्षों पर आवश्यक जाँच कर पाएगी, इस बात का आंकलन कर पाएगी कि इस बिक्री की अनुमति है या नहीं, बैंकों के साथ संबंध जोड़ पाएंगी और आपूर्ति करना संभव बनाने के लिए विनियामक अधिकारियों से संबंधित अधिकृतियाँ प्राप्त कर पाएंगी।

**प्र आपका व्यापार विदेश में एक नया प्लांट बना रहा है और आप ठीक से नहीं जानते/जानती हैं कि व्यापार नियंत्रणों पर विचार करना आवश्यक है या नहीं।**

उ नये प्लांट को भेजे जाने वाले किसी भी उत्पादन उपकरण या कच्ची सामग्री के लिए निर्यात एवं/अथवा आयात के लाइसेंस आवश्यक हो सकते हैं। साथ ही, तकनीक अंतरण या उस देश के भीतर ही प्रदान की गई तकनीकी सेवाओं के लिए किसी तकनीकी सेवाओं के लिए लाईसेंसों की आवश्यकता हो सकती है। इस संबंध में अधिक मार्गदर्शन के लिए विधि विभाग से बात करें।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- जॉनसन मैथे समूह व्यापार और निर्यात नियंत्रण नीति
- जॉनसन मैथे व्यापार अनुपालन जानकारी पुस्तिका
- क्षेत्र विधि
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग

# लेनदेन में चेतावनी के संकेत

**हमें हमेशा संभवित लेनदेन में चेतावनी के संकेत या 'रेड फ्लैग' के लिए सजग रहना चाहिए।**

आप तृतीय पक्षों से व्यवहार करने में सीधे शामिल न हों तब भी, आपको उन संभावित क्षेत्रों के बारे में सजग होना चाहिए जहाँ जॉनसन मैथे जोखिम में हो सकता है।. याद रखिए, यह किसी भी कीमत पर व्यापार नहीं है।

लेनदेन में चेतावनी के संकेत ऐसे सूचक हैं जो बताते हैं कि संभवतः उस लेनदेन में कुछ सही नहीं है। वे इस बात के सूचक भी हो सकते हैं कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराध, प्रतिबंध या निर्यात नियंत्रण, या किसी अन्य कानूनी या अनुपालन संबंधी दृष्टिकोण से कुछ गलत हो रहा है। चेतावनी के किसी भी संकेत में से अनेक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एक अविस्तृत सूची में शामिल हैं:

- तृतीय पक्ष छानबीन के प्रश्नों के जवाब में कोई भी या पर्याप्त जानकारी देने से इन्कार करता है।
- किसी तृतीय पक्ष द्वारा असामान्य भुगतान संरचनाओं की माँग की जा रही है या उन्हें लागू किया जा रहा है, जिसमें इस तरह के भुगतान करना या प्राप्त करना शामिल है:
  - नकद या 'बिना लेखा के';
  - उच्च धन शोधन या कर चोरी प्रोफाइल वाले अधिकारक्षेत्रों में या से;
  - किसी अन्य पक्ष को या से, जिसका जॉनसन मैथे से कोई संबंध नहीं है; और
  - बिना बिल के या बिना भुगतान के लिए रसीद के।
- ऐसे भुगतान किए जा रहे हैं जिनके लिए बिलों में पर्याप्त विवरण नहीं है या फिर जिनके लिए किए गए काम का साक्ष्य नहीं है।
- तृतीय पक्ष बिचौलियों को उच्च कमिशन या बड़ा कुल भुगतान किया जा रहा है।
- तृतीय पक्षों को बिना पर्याप्त स्पष्टीकरण के खर्चीले या बार-बार दिए जाने वाले उपहार और आतिथ्य, दान या स्पोन्सरशिप प्रदान किये जा रहे हैं।
- तृतीय पक्ष का नाम और पता अस्वीकृत पक्षों या प्रतिबंधित पक्षों की सूची पर उपस्थित किसी पक्ष के जैसा है।
- ग्राहक या खरीदारी एजेंट सामान के अंतिम उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करने से हिचकिचाते हैं या फिर सामान के गंतव्य के संबंध में असाधारण जानकारी प्रदान करते हैं।
- तृतीय पक्ष डिलीवरी की असामान्य शर्तों या शिपिंग की असामान्य व्यवस्था की माँग करता है (शायद यह छुपा रहे हैं कि हमारा माल अतंतः किसके पास जा रहा है)।
- किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के प्रकार के लिए असमान्य हों ऐसी खरीदारी या बिक्री (उदाहरण के लिए उनके व्यसाय के क्षेत्र या तकनीकी क्षमता से मेल नहीं खाती है)।



लेनदेन में चेतावनी के किसी भी संकेत की समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग को रिपोर्ट करें, जो आगे बढ़ने से पहले परिस्थिति की समीक्षा करने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

# कंपनी

मैं जॉनसन मैथे की ब्रांड, सम्पत्तियों तथा प्रतिष्ठा की संरक्षा करने के प्रति वचनबद्ध हूं



कॉर्पोरेट सुरक्षा 56
जानकारी की सुरक्षा 59
बौद्धिक संपदा 62
व्यापार और वित्तीय रिपोर्ट देना 64
रिकॉर्ड की सटीकता 66
बाह्य संचार करना 68
सोशल मीडिया 71
अंदरूनी जानकारी 73




# कॉर्पोरेट सुरक्षा

**हम सुनिश्चित करते हैं कि हर व्यक्ति कार्य स्थल पर सुरक्षित और संरक्षित महसूस करे।**

जॉनसन मैथे में, हम जहाँ भी काम करते हैं वहाँ एक सुरक्षित कार्य परिवेश प्रदान करने और सुरक्षा को होने ले किसी भी जोखिम के संभावित प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

हम अपने लोगों, संपत्तियों, उत्पादों और प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए हम सुनिश्चित करे हैं कि सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन में हमारा एक प्रभावी और मज़बूत अभिगम हो। हम यह अपनी पूरी कंपनी में न्यूनतम सुरक्षा मानक स्थापित कर के और उन्हें पूरा कर के करते हैं और व्यापार की निरंतरता को सुनिश्चित करने के उपाय लागू करते हैं। सुरक्षा हमेशा जॉनसन मैथे के मूल्यों में भी प्रतिबिंबित होती है और सभी कर्मचारी जानबूझ कर या अकस्मात साइट की सुरक्षा के अतिलंघन या सहकर्मियों को जोखिम से होने वाले खतरे को न्यूनतम करने में एक भूमिका निभाते हैं।

**निजी सुरक्षा और व्यवसायिक यात्रा**

जॉनसन मैथे कर्मचारियों को वे जहाँ भी स्थित हों या जहाँ भी यात्रा करते हों वहाँ होने वाले सुरक्षा संबंधी जोखिमों के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम जिन सुरक्षा संबंधी जोखिमों का सामना करते हैं उन से अवगत हों और इस बात से भी अवगत हों कि यदि कोई सुरक्षा संबंधी घटना हो तो उसे प्रतिक्रिया कैसे दें।



जॉनसन मैथे के कर्मचारियों के रूप में, हमें कभी-कभी व्यावसायिक कारणों से यात्रा करनी पड़ती है और जहाँ व्यावसायिक मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, ये कभी भी निजी सुरक्षा और संरक्षण से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती है। हम यह सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं कि हम सभी को यात्रा करने से पहले संभव उतनी विस्तृत जानकारी और जब हम विदेश में हों तो श्रेष्ठ संभव सहायता मिलें जिसमें कुछ उच्च जोखिम वाले देशों में यात्रा करते समय अतिरिक्त एहतियात बरतने के बारे में निर्देश मिलें। हमारी सभी साइटों को कम से कम भौतिक सुरक्षा के न्यूनतम मानकों को पूरा करना होगा और हम अपने व्यापारी साझीदारों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों से यही अभिगम अपनाने की अपेक्षा करते हैं।

यदि आप एक मैनेजर हैं, तो आपकी यह सुनिश्चित करने की अतिरिक्त ज़िम्मेदारी है कि आपने आपकी टीमें जिनका सामना करती हैं उन जोखिमों का सही आकलन किया है और यह कि उपयुक्त प्रशिक्षण और मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराए गए हैं।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं अपनी स्थानीय सुरक्षा संबंधी निदेशक सिद्धांतों से अवगत होऊँ जिसमें यह बात भी शामिल है कि अगर मैं एक उच्च जोखिम देश में काम करता/करती हूँ तो उसका अर्थ क्या होता है।
- मैं जानता/जानती हूँ कि यदि मेरे कार्य स्थल पर कोई आपात स्थिति होती है तो मुझे क्या करना चाहिए।
- मैं हमेशा सुरक्षा संबंधी जोखिमों को कम करने के लिए कदम उठाता/उठाती हूँ जिसमें यात्रा संबंधी सुरक्षा शामिल है और जैसे-जैसे जोखिम सामने आते हैं वैसे-वैसे उनके प्रबंधन के लिए सलाह भी देता/देती हूँ।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं मेरे पास हो ऐसी किसी भी रक्षित सामग्री या उपकरण के लिए ज़िम्मेदारी लूँ।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि सामग्रियों और उत्पादों कि अद्यतन और विस्तृत माल सूचियाँ रखी जाएं।



### व्यापार निरंतरता प्रबंधन

व्यापार की निरंतरता सुनिश्चित करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है और हरेक साइट और कार्यालय को एक व्यापार निरंतरता योजना से कवर किया जाना चाहिए जिसे प्रति वर्ष सुरक्षा जोखिमों की घटना में प्रशिक्षित प्रबंधन टीमों के साथ आकलित किया जाता है और उसका परीक्षण किया जाता है। इसके बारे में विशेष मार्गदर्शन और न्यूनतम आवश्यक मानक कॉर्पोरेट सुरक्षा टीम के पास से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# कॉर्पोरेट सुरक्षा

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र मुझे जल्दी ही एक व्यावसायिक यात्रा के लिए जाना है और मुझ से जाने से पहले यात्रा सुरक्षा जाँच करने को कहा गया है। क्यों? मेरे मैनेजर निश्चय ही मुझे किसी ऐसे स्थान पर नहीं भेजेंगे जो असुरक्षित हो?**

उ नहीं, आपके मैनेजर ने जानबूझ कर ऐसा नहीं किया होगा - लेकिन कुछ देश और स्थान ऐसे हैं जहाँ पर अतिरिक्त सुरक्षा एहतियात बरतना, उचित होगा और कभी-कभी सुरक्षा संबंधी परिस्थितियाँ तेज़ी से बदल सकती हैं। आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि आप जानते/जानती हों कि कॉर्पोरेट सुरक्षा से या स्थानीय देश सुरक्षा मैनेजर से संपर्क कैसे करें और यह भी कि किसी आपात स्थिति में क्या करना चाहिए। यात्रा सुरक्षा निदेशक सिद्धांत देखें, और नवीनतम यात्रा सलाह और नियंत्रणों से अवगत रहें।

**प्र आपके कार्यालय में कोई ऐसा व्यक्ति काम कर रहा है जिसे आप पहचानते/पहचानती नहीं हैं। ऐसा लगता है कि उन्होने आगंतुक पास नहीं पहने हुए हैं।**

उ यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को देखें जो आगंतुक पास पहने हुए न हो या फिर जो संदेहास्पद व्यवहार करता हुआ लगता हो, तो उन्हें शिष्टता सेप पूछें कि वह वहाँ किससे मिलने के लिए आए हैं और यह कि क्या आप उनकी मदद कर सकते/सकती हैं। यदि आपकी चिंता बनी रहती है, तो उन्हें फिर से स्वागत कक्ष में ले जाएं। यदि आपको अपनी सुरक्षा के प्रति कोई संदेह है, तो उस व्यक्ति से संपर्क न करें और तत्काल ही सीधे स्थल की सुरक्षा संपर्क करें।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM सुरक्षा जानकारी ज़ोन स्थल
- यात्रा सुरक्षा निदेशक सिद्धांत
- समूह सुरक्षा नीति
- समूह सुरक्षा नियम पुस्तिका
- कार्पोरेट जोखिम तथा आश्वासन विभाग

# जानकारी की सुरक्षा

**जॉनसन मैथे की जानकारी को सुरक्षित रखना हम सभी की ज़िम्मेदारी है।**

हम जो भी कुछ करते हैं उसके लिए जॉनसन मैथे की जानकारी सब से अधिक महत्वपूर्ण है। हम जो ईमेल भेजते हैं उन्हें लेकर हम जो बातें करते हैं, उन तक जानकारी कंपनी की एक मूल्यवान संपत्ति है जिसकी हमे रक्षा करनी चाहिए और सावधानी पूर्वक प्रबंधन करना चाहिए। यदि हम ऐसा नहीं करते हैं, और हम अपनी जानकारी को जोखिम में पड़ने देते हैं, तो यह महारी प्रभावी और सुरक्षित ढंग से प्रचालन करने की क्षमता को प्रभावित करता है।

अपने और हमारे व्यावसायिक साझेदारों के हितों की रक्षा करने के लिए जॉनसन मैथे में हम अपने स्वामीत्व वाली गोपनीय जानकारी के साथ-साथ किसी तृतीय पक्ष द्वारा हमारे सामने प्रकट की गई जानकारी को सुरक्षित रखते हैं। हमें ऐसा करने के लिए अधिकृत न किया गया हो, या कानून के द्वारा यह करना आवश्यक न हो, तब तक हम किसी भी गोपनीय जानकारी को प्रकट नहीं करेंगे और तब भी हम इसे नियंत्रित तरीके से ही प्रकट करेंगे।

**गोपनीय जानकारी**

गोपनीय जानकारी में वित्तीय जानकारी, पेटेन्ट, व्यापार या मार्केटिंग संबंधी कार्यनीतियाँ, पूर्वानुमान, ज्ञान, रीतियाँ, प्रणालियाँ और कार्य निष्पादन, उत्पाद विन्यास और कीमतें, उत्पादन और विस्तारण क्षमता, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ की हुई व्यवस्था (अनुबंध की शर्तों सहित) और निजी डेटा शामिल हैं। कुछ मामलों में, गोपनीय जानकारी में सामग्री के सैम्पल या प्रोटोटाइप उपकरण शामिल हो सकते हैं। तकनीकी विषय सामग्री के साथ गोपनीय जानकारी को कभी कभी व्यापार गोपनीयता भी कहा जाता है।





# जानकारी की सुरक्षा
जारी

### जानकारी की सुरक्षा और प्रौद्योगिकी का उपयोग

हम सभी को हम जिसके लिए ज़िम्मेदार है या हमें जो सौंपी गई है उस जानकारी तक अनधिकृत पहुँच को रोकने के लिए कदम उठाने होंगे, जिसके लिए हमें अपने उपयोगकर्ता आईडी सुरक्षित रखने होंगे, मज़बूत पासवर्ड बनाने होंगे और सिस्टम का उपयोग ज़िम्मेदारीपूर्वक करना होगा।

हमें अकस्मात किसी वाइरस, मालवेयर या स्पाइवेयर को JM की सिस्टमों में दाखिल होने देने से वचने की कोशिश करनी चाहिए और केवल वही कम्प्यूटर हार्डवेयर, एप्लीकेशन्स और सॉफ्टवेयर उपयोग करने चाहिए, जिन्हें उपयोग के लिए JM IT द्वारा स्वीकृति दी गई होनी चाहिए। ईमेल अटैचमेन्ट खोलते और हाइपरलिंक को क्लिक करते समय हमें हमेशा सावधान रहना चाहिए, और इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या वह लिंक व्यावसायिक परिपेक्ष्य से उपयुक्त लगती है और क्या वह किसी ऐसे स्रोत से आयी है जिसे आप जानते/जानती हैं।

### बनाए, पहुँच बनाएं और बनाए रखें

नयी जानकारी बनाते और उसका संचार करते समय हम सभी को सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने दर्शकगण के बारे में सोचना चाहिए और यह भी कि इसका कैसा अर्थ - या गलत अर्थ निकाला जा सकता है। अगर हम संवेदनशील जानकारी बनाते हैं, उदाहरण के लिए दस्तावेज़ों या ईमेल में, तो यह निर्धारित करना कि हमें दूसरों को यह बताना कि नहीं कि यह जानकारी संवेदनशील है, हमारी ज़िम्मेदारी है।

जानकारी उपयोगक्षम होनी चाहिए: यह सटीक, सुव्यवस्थि, और अभी और भविष्य में जब आवश्यकता हो तब पहुँच बनाने में आसान होनी चाहिए।. हमें उन संभावित कानूनी और विनियामक नियमों के बारे में अवगत होना चाहिए जो हम जिस तरह से व्यापारी रिकॉर्ड और निजी जानकारी सहित हमारी सभी जानकारी का प्रबंधन, संरक्षण, अवधारण और निपटान करते हैं, उसे प्रभावित कर सकते हैं।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं ऐसे किसी भी ईमेल को शंका की दृष्टि से देखता/देखती हूँ जो किसी ऐसे व्यक्ति से आया हो जिसे मैं जानता/जानती न होऊँ या जो किसी अप्रत्याशित विषय के बारे में हो।
- मैं पासवर्ड गोपनीय रखता/रखती हूँ और उन्हें अधिक लंबा और अधिक मज़बूत बनाता/बनाती हूँ।
- मैं केवल सुरक्षित आईटी का उपयोग करता/करती हूँ।
- मैं गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए निजी ईमेल या व्हॉट्सऐप या वीचैट जैसे प्लैटफॉर्म का उपयोग नहीं करता/करती हूँ।
- मैं कभी भी फोन पर, आमनेसामने या किसी भी तरह से गोपनीय जानकारी प्रदान नहीं करता/करती हूँ अलावा इसके कि मैं निश्चित रूप से जानता/जानती हूँ कि मैं यह किसी दे रहा/रही हूँ और यह कि उन्हें उस जानकारी तक पहुँच बनाने का अधिकार है।
- मैं अपने सहकर्मियों को सुरक्षित कार्य रीतियों का उपयोग करने में सहायता करता/करती हूँ और प्रोत्साहन देता/देती हूँ और किन्हीं भी चिंताओं की अपने मैनेजर, साइट सुरक्षा मैनेजर और JM आईटी सर्विस डेस्क को रिपोर्ट करता/करती हूँ।
- मैं अपने द्वारा तैयार किए गए डेटा के मूल्य के बारे में सोचता/सोचती हूँ और उस तक पहुँच और उसके सुरक्षित रखरखाव के लिए उपयुक्त नियंत्रण लगाता/लगाती हूँ।
- मैं अपने डेस्क पर कभी संवेदनशील जानकारी नहीं रखता/रखती हूँ और दिन की समाप्ति पर जब मैं अपना कार्य स्थल छोड़ूँ तो हमेशा अपना लैपटॉप बंद कर के सुरक्षित स्थान पर रख देता/देती हूँ।

## आप क्या करेंगे?

**प्र आप एक सप्ताह के लिए छुट्टी पर जा रहे/रही हैं। कोई भरोसेमंद सहकर्मी किन्ही महत्वपूर्ण ग्राहक ईमेलों को देख सकें और आप जिनका उपयोग करते/करती हैं उन एप्लीकेशनों में आपकी गैरमौजूदगी में लॉगिन कर सकें इसके लिए आपके किन्हीं विश्वसनीय सहकर्मी को पासवर्ड देना ठीक है?**

**उ** आपको कभी भी अपने पासवर्ड किसी अन्य कर्मचारी को नहीं देने चाहिए। यदि आप इस बात के बारे में चिंतित हैं कि आपकी गैरमौजूदगी में कोई अति महत्वपूर्ण ईमेल आएगा, या तो ग्राहक से अग्रिम संपर्क कर के उन्हें सूचित करें कि आपकी गैरमौजूदगी में उन्हें किससे संपर्क करना चाहिए या फिर Outlook access (आउटलुक एक्सेस) से पर्याप्त परिचय बना कर वह ईमेल अपने सहकर्मी को फॉरवर्ड करे ऐसा 'नियम' बना दें।

**प्र आपको किसी आपूर्तिकर्ता से किसी इनवॉइस के बारे में एक ईमेल मिलता है जिसमें अन्य बैंकिंग जानकारी का उपयोग कर के भुगतान भेजने का अनुरोध है। आपने आपूर्तिकर्ता से कोई अन्य पहले की सूचना नहीं देखी है और आप नहीं जानते/जानती हैं कि क्या करना चाहिए।**

**उ** रुक कर सोचें। यह अप्रत्याशित है, इसलिए आपका संदेह करना सही है। इसकी रिपोर्ट सीधे अपने मैनेजर, और साइट सुरक्षा मैनेजर या फिर JM आईटी सर्विस डेस्क से रिपोर्ट करें।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM सुरक्षा जानकारी ज़ोन स्थल
- myJM बौद्धिक सम्पति विभाग स्थल
- बौद्धिक संपदा विभाग
- विधि विभाग
- जानकारी सुरक्षा नीति
- स्वीकारणीय उपयोग नीति
- जानकारी वर्गीकरण नीति
- डेटा संरक्षण नीति

# बौद्धिक संपदा

## हम खोज और विकास (R&D) में अपने निवेश की कदर करते हैं और उसकी सुरक्षा करते हैं।

जॉनसन मैथे में हम हर वर्ष नये उत्पाद, प्रक्रियाएं और व्यापार विकसित करने के लिए R&D में बहुत भारी निवेश करते हैं।

R&D हमारी वृद्धि और जॉनसन मैथे की भावि सफलता के लिए अति महत्वपूर्ण है। R&D कार्यक्रमों की उपज, जैसे आविष्कार, जानकारी और प्रायोगिक डेटा को बौद्धिक संपदा (IP) कहा जाता है। R&D में जॉनसन मैथे के निवेश की सुरक्षा करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारी IP सही तरह से प्रबंधित और संरक्षित हो।

IP बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPRs) जैसे पेटेंट, जो हमारे नवोन्मेषों की संरक्षा करते हैं; ट्रेडमार्क्स, जो हमारी निगमित पहचान तथा हमारे ब्रांड्स की संरक्षा करते हैं; और कॉपीराइट, जो हमारे सम्प्रेषणों की संरक्षा करते हैं, से संरक्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, कानून हमारे व्यापार गोपनीय तथ्यों तथा गोपनीय जानकारी को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

हम दूसरों से जॉनसन मैथे के IPRs का आदर करने की अपेक्षा करते हैं, और इसी तरह अन्य लोगों के वैध रूप से पंजीकृत IPRs का सम्मान करने और हमारे सामने दूसरों के द्वारा प्रकट की गई गोपनीय जानकारी की उसी तरह से सुरक्षा करने का वचन देते हैं जिस तरह से हम अपनी खुद की गोपनीय जानकारी का संरक्षण करते हैं।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं दूसरों के IPRs का सम्मान करता/करती हूँ।
- मैं सार्वजनिक रूप से उपलब्ध टैक्स्ट और तसवीरों का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करने की सावधानी बरतता/बरतती हूँ कि मैं किसी और के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं कर रहा/रही हूँ।
- अगर मुझे पता चले कि हमने एक ऐसी IP का निर्माण किया है जिसकी सुरक्षा की जानी चाहिए, तो मैं बौद्धिक संपदा विभाग को सूचित करता/करती हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र आप एक बाहरी साझीदार के साथ उत्प्रेरकों के फॉर्मुलेशन संबंधी एक सहयोगी कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं। इस सहयोग को कवर करने वाली सहमति में गोपनीयता संबंधी दायित्व हैं। खाने पर, आपके सहकर्मियों में से एक उस समस्या का उल्लेख करती हैं, जो उन्हें विभिन्न उत्प्रेरकों के निर्माण में हो रही हैं, जिसका आपको लगता है कि आपने हमारे सहयोगी से जो फॉर्मुलेशन टेकनीक सीखी है उससे समाधान हो जाएगा।**

उ हो सकता है कि फॉर्मूलेशन तकनीक हमारे सहयोगी की गोपनीय जानकारी हो। सहमति में जो गोपनीयता दायित्व हैं उनका संभवतः यह अर्थ है कि हमें सहयोग के दौरान जो जानकारी मिलती है उसे उससे बाहर, JM के भीतर भी प्रकट या उपयोग करने की अनुमति नहीं है। इसलिए, अपनी सहकर्मी को फॉर्मुलेशन तकनीक के बारे में बताना शायद सहमति का उल्लंघन होगा। सलाह के लिए IP विभाग से संपर्क करें।

**प्र आपने हाल ही में JM के लिए काम करना शुरू किया है। आप एक ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कर रहे/रही हैं जो आपने अपनी पिछली नौकरी में जो काम किया था उससे काफी करीब से संबंधित है और आप जानते/जानती हैं कि आपकी पिछली कंपनी ने इसी समस्या का समाधान कैसे किया था (जो कि कई महीनों के R&D प्रयासों के परिणाम स्वरूप हुआ है)। क्या आप आवश्यक काम को छोड़ कर अपनी पहले वाली कंपनी के समाधान का उपयोग कर सकते/सकती हैं?**

उ आपकी पिछली नौकरी से विशेष जानकारी का उपयोग करना संभवतः आपके पिछले नियोक्ता के साथ आपको गोपनीयता संबंधी दायित्वों का उल्लंघन होगा। उपरांत, अपनी टीम के अन्य सदस्यों को आपकी पिछली कंपनी ने जो समाधान खोजा है वह बताने से वह 'भ्रष्ट' हो सकते हैं, और उसका अर्थ यह हो सकता है कि JM को एक ऐसा समाधान उपयोग करने से रोका गया है जिसे हम स्वतंत्र रूप से खोज सकते थे। जानकारी के प्रकार और अपने दायित्वों के बारे में बातचीत करने के लिए IP विभाग से संपर्क करें।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM बौद्धिक सम्पति विभाग स्थल
- बौद्धिक संपदा विभाग
- आपके क्षेत्र/व्यवसाय के लिए बौद्धिक संपदा संरक्षण नीति और गोपनीय जानकारी नीति

# व्यापार और वित्तीय रिपोर्ट देना

**हम सुनिश्चित करते हैं कि जॉनसन मैथे का कंपनी लेखा, रिकॉर्ड और वित्तीय रिपोर्टिंग हमारे व्यापार का एक सटीक और प्रामाणिक चित्र दिखाएं।**

हम जिस पर विश्वास कर सकें ऐसा वित्तीय डेटा ना केवल हमारी नीतियों, बाहरी लेखा मानकों और सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन के लिए आवश्यक है, बल्कि हमें अपने व्यापार को बढ़ाने और हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए जानकारीपूर्ण निर्णय करने देने के लिए भी आवश्यक है।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं खर्च के क्लेम, और जहाँ उपयुक्त हो टाइमशीट जमा कराते समय प्रामाणिक और सावधान रहता/रहती हूँ और सुनिश्चित करता/करती हूँ कि ये जॉनसन मैथे की नीतियों के साथ सुसंगत हों।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं JM की ओर से जो भी संविदागत वादे करूँ या जिन लेन-देनों की अधिकृति दूँ, वह मेरे अधिकार के स्तर के अनुसार हो और तृतीय पक्ष को रखने संबंधी हमारी नीतियों के अनुसार हो।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि जब मैं JM की तरफ से कोई खरीदारी करूँ या कोई सेवा खरीदूँ, तब मैंने सुनिश्चित किया है कि JM को पैसे का मूल्य मिल और जहाँ संभव हो मैंने टेन्डर निकाला है।
- मैं सभी लेन-देनों को उपयुक्त लेखा अवधि में रिकॉर्ड करता/करती हूँ और जॉनसन मैथे की लेखा संबंधी नीतियों के अनुसार उनके समर्थन में उपयुक्त विवरण वाला प्रमाण भी प्रदान करता/करती हूँ।
- रिपोर्ट लिखते समय मैं निष्पक्ष रह कर सुनिश्चित करता/करती हूँ कि वे संतुलित हों और केवल अच्छे मुद्दों को उजागर न करें।



## आप क्या करेंगे?

**प्र वर्ष का अंत नज़दीक आ रहा है, और मुझे एक आपूर्तिकर्ता के इनवॉइस के लिए भुगतान करना है। अगर मैं महीने के अंत से पहले भुगतान करूँ तो मैं अपने सक्रिय पूँजी के लक्ष्य से चूक जाऊँगा/जाऊँगी। क्या मुझे महीने के अंत तक प्रतीक्षा कर के उसके बाद उसका भुगतान करना चाहिए?**

उ हमें इनवॉइस तब चुकाने चाहिए जब वह देय हों, उसका हमारी सक्रिय पूँजी पर चाहे जो भी प्रभाव हो। हमारी एक भुगतान संबंधी नीति है जो कहती है कि हम इनवॉइस का भुगतान वह देय हो (सामान्यतः हमें इनवॉइस मिले उसके 60 दिनों बाद) उसके बाद के अगले भुगतान क्रम में करेंगे। इसलिए, अगर यह महीने के अंतिम भुगतान क्रम से पहले देय होता है, तो हमें उसे उस भुगतान क्रम में चुका देना चाहिए। अगर यह महीने के अंतिम भुगतान क्रम के बाद देय होता है, तो हमारी नीति है उसका अगले भुगतान क्रम में भुगतान करना, जो कि उसके बाद वाले महीने में होगा - जब तक कि यह हमारे नियमों और शर्तों के अनुसार हो, यह सही कार्य है।

**प्र आपको एक इनवॉइस मिला है जिसे तत्काल चुकाना आवश्यक है, लेकिन यह आपकी अधिकृति सीमा से ऊपर का है और आपके मैनेजर देश से बाहर हैं। अगर आप तुरंत भुगतान न करें, तो आपूर्तिकर्ता कानूनी कार्यवाही की धमकी दे रहा है। एक सहकर्मी यह सुझाव देते हैं कि आप इसका भुगतान कर दें और भुगतान हो जाने के बाद अपने मैनेजर से उस पर प्रतिहस्ताक्षर करने को कहें।**

उ हर इनवॉइस के भुगतान से पहले उसका उपयुक्त तरीके से अधिकृत होना आवश्यक है, इसलिए आप अपने सहकर्मी की सलाह का अनुसरण नहीं कर सकते/सकती हैं। तथापि, यह कोई असामान्य स्थिति नहीं है और इसलिए इस बात की संभावना है कि इसके लिए एक स्वीकार्य समाधान किया जा सकता है जो कि जॉनसन मैथे की नीतियों के अनुरूप है। यदि परिस्थिति अविलंब्य हो, तो अपने स्थानीय आर्थिक नियंत्रक या क्षेत्रीय वित्त निदेशक से संपर्क करें, जिनके पास इस परिस्थिति के लिए एक प्रक्रिया होगी।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- समूह नियंत्रण नियम पुस्तिका
- स्थानीय वित्त मैनेजर या वित्तीय नियंत्रक
- डिविजन वित्त निदेशक
- समूह लेखांकन

# रिकॉर्ड की सटीकता

**हम अपने सभी व्यावसायिक रिकॉर्डों और किसी भी तरह की रिपोर्टिंग में प्रामाणिक और सटीक हैं, उसका अभीष्ट प्राप्तकर्ता और उस दस्तावेज़ या रिकॉर्ड का अभीष्ट उपयोग चाहे जो भी हो।**

यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने व्यावसायिक रिकॉर्डों और हम जो रिपोर्ट भेजते या प्राप्त करते हैं उस पर विश्वास कर सकें। जब भी हम किसी चीज़ का रिकॉर्ड बनाते हैं (उदाहरण के लिए गुणवत्ता परीक्षण और उत्पाद निरीक्षण के परिणाम, टाइमशीट, किसी प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी, या फिर जानकारी एकत्रित करने के लिए हमने जो कदम उठाए हैं उनके बारे में जानकारी), हमें यह सटीकता और प्रामाणिकता से करना चाहिए ताकि हम और अन्य कर्मचारी, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, सरकारी एजेन्सियों सहित हितधारक इस पर भरोसा कर सकें।

अगर आर्थिक लाभ (चाहे कंपनी द्वारा या व्यक्तियों द्वारा), या अन्य निजी लाभ के उद्देश्य से रिकॉर्ड बदले जाएं, तो यह धोखाधड़ी हो सकती है जो कि JM एवं/अथवा किसी कर्मचारी के लिए व्यक्तिगत रूप से एक दंडनीय अपराध हो सकता है।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं हमेशा व्यावसायिक जानकारी को सटीक, सच्चे और समयोचित रूप से, और सभी संबंधित नीतियों, व्यावसायिक मानकों और स्थानीय कानूनों के अनुसार रिकॉर्ड करता/करती हूँ।
- मैं कभी भी रिकॉर्ड को झुठलाता/झुठलाती नहीं हूँ या उनमें अयोग्य परिवर्तन नहीं करता/करती हूँ या फिर उनसे कोई भ्रामक मान्यता बनने नहीं देता/देती हूँ।
- मैं केवल दस्तावेज़ अवधारण नीति के अनुसार ही व्यावसायिक रिकॉर्डों का नाश करता/करती हूँ या उन्हें डिलीट करता/करती हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र आप गुणवत्ता विभाग में काम करते/करती हैं और आप से कहा गया है कि एक परीक्षण प्रक्रियाने देने चाहिए वह परिणाम नहीं दिए हैं और यह वास्तविकता को प्रतिबिंबत नहीं करते हैं और यह कि परीक्षण के परिणाम ग्राहक के साथ सहमत हुए विन्यास के बाहर हैं। आपको यह बताया गया है कि यह निर्धारित करने का एक गाणितिक तरीका है कि कोई परिणाम सहमत हुए विन्यास के भीतर होगा या नहीं, और आप से उसके बदले यह नंबर रिकॉर्ड करने को कहा जाता है। आपको क्या करना चाहिए?**

उ यह रिकॉर्ड को झुठलाना होगा और आपको यह नहीं करना चाहिए। अगर परीक्षण प्रक्रिया ने ऐसे परिणाम नहीं दिए हैं जिन पर हमें विश्वास हो, तो प्रक्रिया को बदलना जाना चाहिए और/या ग्राहक के साथ किसी अन्य विन्यास पर सहमति की जानी चाहिए। आपको यह अपने मैनेजर के साथ उठाना चाहिए और अगर आप इस बातचीत के परिणाम से नाखुश हों, तो आपको **आवाज़ उठानी** चाहिए।

**प्र आप से आपके कार्य क्षेत्र में जो डेटा संसाधित किया जाता है उसके संबंध में JM आईटी टीम को डेटा प्रदान करने को कहा गया है। आप समझ नहीं पाते हैं कि उन्हें इसकी ज़रूरत क्यों है और आप अन्य कार्यों को पूरा करने में बहुत व्यस्त हैं। कई सप्ताह के बाद आपको ध्यान में आता है कि आपने इस माँग का जवाब नहीं दिया है, और आप रिकॉर्ड में से पुष्टि करने जाने के बदले जैसे याद है वैसे एक उत्तर लिख देते/देती हैं।**

उ यह इस परिस्थिति का सामना करने का सही तरीका नहीं है। अगर आप समझ नहीं पाते/पाती हैं कि किसी जानकारी की ज़रूरत क्यों है, या आपको ऐसे काम को कैसे वरीयता देनी चाहिए, तो आपको JM आईटी टीम एव अथवा अपने मैनेजर से स्पष्टीकरण माँगना चाहिए। JM आईटी टीम को किसी महत्वपूर्ण कारण (जिसमें किसी विनियामक के लिए इसका होना शामिल है) के लिए इस जानकारी की ज़रूरत हो सकती है और हो सकता है कि वे उस जानकारी पर आधार रखते हों जो आपने प्रदान की है। अगर आपने ठीक से रिपोर्ट करने का समय नहीं निकाला हो, हो सकता है कि JM आईटी अनजाने में अपने निर्णयों को अयथार्थ या अधूरी जानकारी पर आधारित करे।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- विधि विभाग
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग

# बाह्य संचार करना

**हम ज़िम्मेदारी पूर्वक कार्य करते हैं और जब हम अपने व्यापार के बारे में जानकारी संचारित करते हैं तो अपने कार्यों के परिणामों पर विचार करते हैं।**

बाह्य संप्रेषण प्रभावी, संतुलित, स्पष्ट और सुसंगत होना चाहिए। हमारे बाह्य हित धारकों के साथ वार्तालाप पारदर्शी, सीधा और गलत या भ्रामक नहीं होना चाहिए।

जहाँ जॉनसन मैथे को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो कंपनी के अपने दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हो (जैसे कि वित्तीय परिणाम, संकट काल का प्रबंधन या व्यावसायिक प्रगति), वहाँ उन्हीं लोगों को बोलना चाहिए जिन्हें विशेष रूप से कंपनी की ओर से बात करने के लिए अधिकृत किया गया हो। इसके उपरांत, सभी संचार उपयुक्त प्रतिनिधि द्वारा पूर्वस्वीकृत होना चाहिए।

हमें स्पोन्सरशिप या समर्थन प्रदान करते समय भी सावधान रहना होगा। बुरे चयन करना भी हमारी प्रतिष्ठा को हानि पहुँचा सकता है अगर कोई संस्था या उत्पाद JM के दृष्टिकोण, कार्यनीति और मूल्यों से सुसंगत न हो। हमेशा सामुदायिक निवेश नीति में प्रदान मार्गदर्शन देखें।



अगर आप से किसी तृतीय पक्ष के उत्पाद या सेवा का समर्थन करने को कहा जाए, तो आपको बहुत ध्यान से सोचना चाहिए। पहले, ऐसा कर के आप कहते हैं कि JM उस उत्पाद या सेवा से खुश है और इसकी दूसरों को सिफारिश करेगी। दूसरे, अगर हम समर्थन करने को सहमत होते हैं, तो हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि तृतीय पक्ष जो शब्द चुनता है वह भ्रामक नहीं होने चाहिए। विशेष रूप से, समर्थन के शब्दों का व्याप छोटा होना चाहिए, उदाहरण के लिए जहाँ पर जॉनसन मैथे की क्लिथरो यूके साइट के साथ काम किया गया हो, यह स्पष्ट होना चाहिए, और इससे ऐसा आभास नहीं होना चाहिए कि उन्होंने पूरे समूह के लिए काम किया है। अगर आपको कोई शंका हो, तो समर्थन करने को सहमत न हों। यदि आपको कोई प्रश्न हों, तो कृपया समूह कॉर्पोरेट संचार से संपर्क करें।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं जॉनसन मैथे की ओर से बाहर के सुनने वालों को जानकारी तभी संचारित करता/करती हूँ जब मुझे विशेषतः ऐसा करने के लिए अधिकृत किया गया हो।
- मैं जो जानकारी प्रदान करने के लिए अधिकृत नहीं हूँ या जिसके बारे में बाहर के व्यक्तियों से बातचीत करते हुए असुविधा महसूस करता/करती हूँ, उसे अपने मैनेजर, समूह कॉर्पोरेट संचार या उत्तर देने की स्थिति में हों ऐसे अन्य लोगों को भेज देता/देती हूँ।
- मैं स्थानीय, राष्ट्रीय, वैश्विक या व्यापारी प्रेस के समक्ष जॉनसन मैथे के बारे में वक्तव्य जारी करने से पहले समूह कॉर्पोरेट संचार या स्वीकृति प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य लोगों से स्वीकृति माँगता/माँगती हूँ।
- अगर मैं मीडिया से जॉनसन मैथे की तरफ से बात करने को अधिकृत हूँ, तो मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि ऐसा करने से पहले मैं मीडिया संचार प्रशिक्षण में हिस्सा लूँ।

# बाह्य संचार करना

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आप एक कॉन्फ्रेंस में हैं जहाँ कोई पत्रकार जॉनसन मैथे के नवीनतम अधिग्रहण के बारे में आप से कोई प्रश्न पूछता है। आप इसके बारे में कुछ जानते/जानती हैं और आपको लगता है कि आप पत्रकार के प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता कर सकते/सकती हैं।**

उ जब तक कि आपको विशेष रूप से इस विषय पर प्रेस से बात करने के लिए अधिकृत न किया गया हो, शिष्टतापूर्वक टिप्पणी करने से इन्कार कर दें और प्रश्न को या तो साइट के प्रवक्ता के पास या समूह कॉर्पोरेट संचार के पास भेज दें।

**प्र आप जिनके साथ नियमित रूप से काम करते/करती हैं ऐसे एक ग्राहक जॉनसन मैथे के भावि वित्तीय परिणामों के बारे में अनौपचारिक रूप से नवीनतम जानकारी माँगते हैं। आपने सुना है कि व्यावसायिक कार्यनिष्पादन सही रास्ते पर है और आप मान लेते/लेती हैं कि परिणाम अच्छे हैं।**

उ शिष्टतापूर्वक समझाएं कि आप जब तक जॉनसन मैथे औपचारिक रूप से परिणाम घोषित न कर दे, तब तक वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करने को असमर्थ हैं।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM समूह निवेशक संबंध एवं कार्पोरेट संचार स्थल
- समूह कॉर्पोरेट संचार
- स्थल संचार प्रवक्ता

# सोशल मीडिया

**हम सोशल मीडिया के सभी स्वरूपों पर जो भी पोस्ट करते हैं उसके लिए हम ज़िम्मेदार हैं।**

सोशल मीडिया जीवन का एक तथ्य है, उसे दोस्तों और सहकर्मियों से संपर्क बनाए रखने से ले कर नये संबंध बनाने या नवीनतम खबरों को जानने तक के लिए उपयोग किया जाता है। आप चाहें Twitter के उपयोगकर्ता हों या फिर, LinkedIn, Facebook, Snapchat, या किसी अन्य प्लेटफॉर्म के, आप से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीभरा उपयोग करने की अपेक्षा की जाती है। सोशल मीडिया पर आप जो भी कहते हैं, वह कई वर्षों तक सार्वजनिक रह सकता है, और आपकी और JM की प्रतिष्ठा पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

एक नवोत्पादन करने वाली विज्ञान और प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में, हम स्वाभाविक रूप से अपने उद्योग में विस्तृत संवाद का हिस्सा हैं, और सोशल मीडिया उन स्थानों में से एक है जहाँ हम अपने साझीदारों से बातचीत करते हैं। हम आपको उस चर्चा में शामिल होने को प्रेरित करेंगे, पर याद रखें, आप जो पोस्ट करते हैं, उसके लिए आप उत्तरदायी हैं। आपको कभी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए, ऐसा कुछ भी नहीं कहना चाहिए, जो हमारी प्रतिष्ठा को जोखिम में डालता है, या फिर समग्र जॉनसन मैथे की तरफ से कुछ भी नहीं कहना चाहिए।

सोशल मीडिया पर निजी और पेशेवर के बीच की रेखा धुंधली हो सकती है; याद रखिए कि आप किसी भी रूप में जो भी पोस्ट, लाइक, रीट्वीट आदि करते हैं, वह जोखिमकारी हो सकता है, और दोनों उपयोग हमारी सोशल मीडिया नीति द्वारा कवर किए जाते हैं। अगर आपको लगता है कि आपने कुछ ऐसा देखा है जो इस नीति के नियमों को तोड़ता है, तो यह जानकारी JM में उपयुक्त लोगों तक पहुँचाने की ज़िम्मेदारी आपकी है।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं सोशल मीडिया के सभी स्वरूपों पर जो भी पोस्ट करता/करती हूँ उसके लिए मैं ज़िम्मेदार हूँ।
- बाह्य संचार करते समय मैं विवेकबुद्धि और सामान्य बुद्धि का उपयोग करता/करती हूँ।
- मैं यह याद रखता/रखती हूँ कि मैं जो भी प्रकाशित करूँ वह कई वर्षों तक सार्वजनिक रह सकता है।
- मैं दूसरों की गोपनीयता और जॉनसन मैथे की गोपनीय जानकारी की रक्षा करता/करती हूँ।
- मैं सोशल मीडिया पर कभी भी जॉनसन मैथे की तरफ से बोलता/बोलती नहीं हूँ।
- मैं समझता/समझती हूँ कि जॉनसन मैथे की प्रतिष्ठा की रक्षा करने में सहायता करने की ज़िम्मेदारी हम में से हरेक की है।

# सोशल मीडिया

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र आपके व्यवसाय का पुनर्गठन किया जा रहा है और आप परिवर्तनों से खुश नहीं हैं। आप अपने व्यक्तिगत Facebook अकाउंट के माध्यम से अपनी अनुभूति को अपने मित्रों के साथ साझा करना चाहते हैं।**

उ यदि आप अपनी भावनाओं को Facebook के माध्यम से साझा करना चुनते/चुनती हैं, तो लिखने से पहले ध्यानपूर्वक सोचें। इस संहिता में ऐसा कुछ भी शामिल नहीं है जिसके माध्यम से कर्मचारी को अपनी नियोजन परिस्थितियों के बारे में संप्रेषण करने में हस्तक्षेप किया जाए, सीमितता लागू की जाए या उसे रोका जाए। तथापि, आपको ऐसा करते समय दूसरों के प्रति विचारवान होना चाहिए और साथ ही हमारी सोशल मीडिया नीति में वर्णित जानकारी को भी ध्यान में रखना चाहिए। यह बेहतर होगा कि आप अपनी चिंताएं सीधे अपने मैनेजर या HR के सामने व्यक्त करें। याद रखिए कि हमारी नीति सोशल मीडिया के निजी और पेशेवर दोनों ही उपयोगों पर लागू होती है।

**प्र आप सोशल मीडिया पर पोस्ट किया हुआ एक कमेन्ट देखते हैं जो जॉनसन मैथे के लिए प्रासंगिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र के बारे में है। आपके विचार में आप इस बारे में कुछ उपयोगी बात कह सकते हैं।**

उ हम हमेशा आपको अपनी और JM दोनों की प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए योगदान करने के लिए प्रोत्साहन देंगे। तथापि, याद रखिए, कि आपको केवल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का ही उल्लेख करना चाहिए। काम के बारे में बात करना और पेशेवर समुदाय के भीतर संवाद करना उपयुक्त है, लेकिन आपको सावधान रहना चाहिए कि आप ऐसा करते समय गोपनीय जानकारी या बौद्धिक संपदा का प्रकटन न कर दें, और यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि आप यह स्पष्ट करें कि आप अपनी खुद की राय व्यक्त कर रहे हैं, ना कि पूरे JM की।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM कॉर्पोरेट संचार साइट
- सोशल मीडिया नीति

# अंदरूनी जानकारी

**हम अंदरूनी जानकारी के संबंध में अपनी ज़िम्मेदारियों को हमेशा समझते हैं।**

अंदरूनी जानकारी गोपनीय जानकारी का एक रूप है, जो कि एक खास प्रकार की होती है और जिसे सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं किया गया होता है, लेकिन अगर ऐसा हो, तो संभव है कि इसका जॉनसन मैथे के शेयरों की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़े।

कर्मचारियों से इस बात का स्पष्ट निर्णय लेने की अपेक्षा नहीं की जाती है कि कोई जानकारी अंदरूनी जानकारी है या नहीं, लेकिन अगर आपको कोई शक हो, तो आपको इस मामले को प्रकटन समिति (जो कि चीफ एग्ज़िक्यूटिव, चीफ फाइनेन्शियल ऑफिसर और कंपनी सेक्रेटरी की बनी होती है) के किसी सदस्य के ध्यान पर लाना चाहिए। अंदरूनी जानकारी में, उदाहरण के लिए जॉनसन मैथे के व्यापार एवं/अथवा वित्तीय परिणाम, उसके उपार्जन संबंधी पूर्वानुमान, अधिग्रहण और निपटान जैसे लेनदेन या फिर उसके व्यापार में कोई भी अन्य बड़े नये परिवर्तन संबंधी जानकारी शामिल हो सकती है।

जॉनसन मैथे की अंदरूनी जानकारी नीति यह सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य प्रक्रियाएं स्थापित करती हैं, कि कर्मचारी और अन्य कर्मी:

- संभवित अंदरूनी जानकारी की पहचान कर पाएं;
- समस्या को यथाशीघ्र उपयुक्त आंतरिक चैनलों द्वारा आगे बढ़ा सकें; और
- अंदरूनी जानकारी की रक्षा और उस पर नियंत्रण कर सकें।

यदि आपके पास ऐसी जानकारी है जो अंदरूनी जानकारी हो सकती है या जिसके अंदरूनी जानकारी होने की संभावना है, तो आपको तुरंत जॉनसन मैथे की प्रकटन समिति के किसी सदस्य को सूचित करना चाहिए। अंदरूनी जानकारी के अस्तित्व की पहचान और निरीक्षण करने और बाज़ार में इसके प्रकटन की अनुमति देने की ज़िम्मेदारी इस समिति की है।

जब आपके पास अंदरूनी जानकारी हो तो आपको जॉनसन मैथे के शेयरों (या अन्य वित्तीय साधनों) का व्यापार नहीं करना चाहिए, और आपको उस जानकारी का उपयोग किसी तृतीय पक्ष को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए नहीं करना चाहिए।

# अंदरूनी जानकारी
जारी

**हम जहाँ पर प्रचालन करते हैं उनमें से अनेक देशों में भेदिया व्यापार एक अपराध है।**

अंदरूनी जानकारी को जिन्हें पहुँच प्राप्त हो ऐसे कर्मचारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि जानकारी सही तरह से भंडारित, रक्षित और प्रबंधित हो, ताकि गोपनीयता बनी रहे और अंदरूनी जानकारी तक कोई अनधिकृत पहुँच न बनायी जा सके।

हम गोपनीय जानकारी तक पहुँच हो ऐसे लोगों के लिए उस जानकारी एक गोपनीय सूची रखते हैं जो अंदरूनी जानकारी न हो, लेकिन जिसकी भविष्य में अंदरूनी जानकारी बनने की संभावना हो। अगर आपका नाम एक गोपनीय सूची में शामिल है, तो आप JM के शेयरों के खरीदने - बेचने से प्रतिबंधित हो सकते हैं, जिसमें आपके द्वारा अग्रिम क्लीयरेंस प्राप्त करने की आवश्यकता शामिल है। अगर आपका नाम किसी गोपनीय सूची में जोड़ा जाता है और उसके परिणाम स्वरूप आप पर शेयरों के लेनदेन में कोई मर्यादा लागू की जाती है, तो आपको सूचित किया जाएगा।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- जब मेरे पास अंदरूनी जानकारी हो तब मैं जॉनसन मैथे के शेयरों को खरीदता/खरीदती या बेचता/बेचती नहीं हूँ।
- जब मेरे पास ऐसी जानकारी हो जिसके अंदरूनी जानकारी बनने की संभावना हो या फिर यदि मुझ पर शेयरों के लेनदेन में मर्यादा लगायी गई हो तो अग्रिम क्लियरेंस के बिना जॉनसन मैथे के शेयरों को खरीदता/खरीदती या बेचता/बेचती नहीं हूँ।
- मैं जब मेरे पास अंदरूनी जानकारी हो तब तृतीय पक्षों को जॉनसन मैथे के शेयर खरीदने या बेचने के लिए प्रोत्साहन, सलाह या निर्देश नहीं देता/देती हूँ।
- मैं जॉनसन मैथे की शेयर के लेनदेन संबंधी संहिता का और यदि मुझे सूचित किया गया हो कि ये मुझ पर लागू होते हैं, तो किन्हीं भी अन्य शेयरों के लेनदेन संबंधी नियंत्रणों का पालन करता/करती हूँ।
- मैं जॉनसन मैथे के बारे में गलत जानकारी को फैला कर बाज़ार का दुरूपयोग या शोषण नहीं करता हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र आप एक अधिग्रहण पर काम कर रहे/रही हैं जो आप जानते/जानती हैं कि घोषित होने के बाद जॉनसन मैथे के शेयरों की कीमत प्रभावित होगी, और वैसे तो, आपको सूचित किया गया है कि शेयरों के लेनदेन संबंधी मर्यादाएं आप पर लागू होंगी। आपके पिता द्वारा आपसे यह पूछा जाता है कि क्या वह निकट भविष्य में जॉनसन मैथे के शेयरों में निवेश कर सकते हैं।**

उ आप अपने पास उपलब्ध अंदरूनी जानकारी के आधार पर किसी को जॉनसन मैथे के शेयरों में निवेश करने संबंधी सलाह नहीं दे सकते/सकती हैं। आपके पिता द्वारा अपने आप ही निर्णय करना चाहिए या इस बारे में स्वतंत्र राय प्राप्त करनी चाहिए कि ऐसा करना चाहिए अथवा नहीं।

**प्र आपकी भूमिका के हिस्से के रूप में आपको ऐसी गोपनीय जानकारी तक पहुँच प्राप्त है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, हालाँकि आप निश्चित रूप से नहीं जानते/जानती हैं कि यदि यह जानकारी सार्वजनिक रूप से ज्ञात हो तो इसका जॉनसन मैथे के शेयरों की कीमत पर कोई प्रभाव होगा या नहीं। आप छुट्टी पर जाने वाले/वाली हैं और उसका खर्च निकालने के लिए अपने जॉनसन मैथे शेयरों में से कुछ बेचना चाहेंगे/चाहेंगी।**

उ आपको कंपनी के सेक्रेटेरियल या समूह विधि विभाग से सलाह माँगनी चाहिए कि आपको जिस गोपनीय जानकारी तक पहुँच है उसे अंदरूनी जानकारी माना जा सकता है या नहीं। अगर यह अंदरूनी जानकारी है, तो दुर्भाग्यवश आप इस समय अपने शेयर नहीं बेच पाएंगे/पाएंगी।



**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- सत्यनिष्ठा से काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- कंपनी सेक्रेटेरियल
- विधि विभाग



# पृथ्वी

मैं जॉनसन मैथे की एक वहनीय कारोबार का सृजन करने की अभिलाषा का समर्थन करने को वचनबद्ध हूँ।



पृथ्वी


| | |
|---|---|
| हमारी आपूर्ति श्रृंखला की सत्यनिष्ठा | 78 |
| पर्यावरण | 81 |
| उत्पाद प्रबंधक पद | 83 |
| सामुदायिक निवेश | 85 |

# हमारी आपूर्ति श्रृंखला की सत्यनिष्ठा

**हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से व्यापार की ओर एक नैतिकतापूर्ण और वहनीय अभिगम की अपेक्षा करते हैं।**

हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम जो कच्चा माल और सेवाएं खरीदते हैं उसे ज़िम्मेदारीपूर्वक प्राप्त कर रहे हैं।

हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता हमारी अपने आपूर्तिकर्ताओं से मानव अधिकार, श्रम संबंधी रीतियों, स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा और व्यापार संबंधी नीति से संबंधित अपेक्षाओं को समझाती है। विशेष रूप से, हम अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से आतंर्राष्ट्रीय श्रम संस्थान कोर कन्वेन्शनों, संयुक्त राष्ट्र संघ ('UN') वैश्विक प्रभाव और व्यापार और मानव अधिकारों से संबंधित UN मार्गदर्शी सिद्धांतों में परिभाषित सिद्धांतों का समर्थन करने की अपेक्षा करते हैं॥ हम जहाँ भी उनके व्यापारी प्रचालनों के लिए उपयुक्त हो वहाँ अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं को पर्यावरण प्रबंधन के लिए ISO14001 प्रमाणन प्राप्त करने को प्रोत्साहित करते हैं।

हम आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी की वैश्विक समस्या को इन समस्याओं के लक्षणों के लिए हमारी उच्चतर जोखिम वाली आपूर्ति श्रृंखलाओं का आकलन करने के लिए वचनबद्ध हैं। हम लागू कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार इस क्षेत्र में प्रगति संबंधी वार्षिक सार्वजनिक प्रकटन करते हैं।



हम इसके लिए वचनबद्ध हैं:

- आपूर्तिकर्ता आचार संहिता को नये और वर्तमान आपूर्तिकर्ताओं को प्रदान करना।
- वर्तमान आपूर्तिकर्ताओं के साथ आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के अनुपालन की समीक्षा करना और जहाँ वे मानकों को पूरा नहीं कर पाते हैं, वहाँ उनकी व्यापारी रीतियों को बेहतर बनाने में उनकी सहायता करने के लिए उनके साथ मिल कर काम करना।
- हमारी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के अनुपालन की प्रगति के बारे में हमारे सभी हितधारकों को पारदर्शी ढंग से रिपोर्ट करना।
- ग्राहकों की वे जिन उत्पादों को खरीदते हैं उनकी आपूर्ति श्रृंखला में वहनीय व्यापारी नीतियों संबंधी जानकारी की माँग को तत्काल प्रतिभाव देना।
- वैश्विक स्तर पर आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी के उन्मूलन में योगदान देना।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं आपूर्ति श्रृंखला में जिनके साथ काम करता/करती हूँ वे लोग हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता और यह उन पर कैसे लागू होती है उसके बारे में अवगत हों यह सुनिश्चित करना मेरी ज़िम्मेदारी है।
- मैं जॉनसन मैथे के किसी भी हिस्से में मेरे ध्यान में आए ऐसे आधुनिक गुलामी और अन्य श्रम संबंधी दुर्व्यवहारों के बारे में चिंता व्यक्त करने के लिए ज़िम्मेदार हूँ।
- JM के उत्पादों में कच्चे माल की की प्राप्ति के बारे में जानकारी की ग्राहकों की माँगों का सकारात्मक प्रतिभाव देना मेरी ज़िम्मेदारी है।

# हमारी आपूर्ति श्रृंखला की सत्यनिष्ठा

जारी

### आप क्या करेंगे?

**प्र आप एक नये आपूर्तिकर्ता के साथ काम शुरू करने वाले/वाली हैं, लेकिन आप किसी अखबार में एक लेख पढ़ते/पढ़ती हैं जिसमें दावा किया गया है कि आपूर्तिकर्ता को कॉन्ट्रैक्ट किये हुए सफाई कामदारों को ठेकेदार न्यूनतम वेतन नहीं देता है और कामदान नौकरी नहीं छोड़ सकते हैं।**

उ जॉनसन मैथे यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि आपूर्तिकर्ता गुलामी या अनिच्छित मज़दूरी न करवाए। आपको अपने लाइ मैनेजर के सामने **आवाज़ उठानी** चाहिए या फिर समूह विधि विभाग या समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करना चाहिए, जो इस मामले में और खोजबीन करेंगे।

**प्र कोई ग्राहक आप से संपर्क करते हैं और जॉनसन मैथे के संघर्ष के खनिजों के उपयोग के बारे में एक घोषणा की माँग करते हैं. आप क्या करेंगे?**

उ जॉनसन मैथे अपने ग्राहकों के साथ उतना ही पारदर्शी रहने को वचनबद्ध है जितने कि हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के होने की अपेक्षा करते हैं, और हमेशा ऐसी माँगों को खुला प्रतिभाव देने को तत्पर रहेंगे। 'संघर्ष के खनिज' (कॉनफ्लिक्ट मिनरल्स) की आंतर्राष्ट्रीय कानून में बहुत स्पष्ट परिभाषा है। कृपया अपने क्षेत्र के वहनीयता लीड या समूह वहनीयता से यह जानने के लिए संपर्क करें कि आप ग्राहक की माँग को उपयुक्त प्रतिभाव कैसे दे सकते/सकती हैं।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- साथ मिल कर काम करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM वहनीयता साइट
- myJM समूह नैतिकता और अनुपालन साइट
- JM का आधुनिक गुलामी संबंधी वक्तव्य
- समूह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता
- समूह नैतिकतापूर्ण और वहनीय अधिप्राप्ति नीति
- समूह वहनीयता
- समूह और स्थानीय मानव संसाधन
- समूह नैतिकता और अनुपालन विभाग
- विधि विभाग

# पर्यावरण

**हम एक वैश्विक कंपनी के रूप में हमारे लोगों और पृथ्वी की रक्षा करने के हमारे दायित्व को स्वीकार करते हैं।**

हमारे व्यापारों को संभालने वाले सीमित संसाधनों की रक्षा करना और इन संसाधोनों को व्यवहारिक ढंगे से संभव उतनी सीमा तक बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।l. कम से कम, हम लागू राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय परिवेशी कानूनों और विनियमों के अनुसार कार्य संचालन करेंगे। जहाँ हम ऐसा कर सकते हैं, हम पर्यावरण पर अपने प्रभाव को कम करने के लिए उच्चतर मानक लागू करेंगे।

हमारे व्यापारों में, हम जोखिमकारी रसायणों, जल और अपशिष्ट को पहचान कर उनका उपयुक्त प्रबंधन करते हैं। हम जहाँ तक व्यवहार्य हो, ठोस और तरल अपशिष्ट और हवा में उत्सर्जनों को न्यूनतम करने का प्रयास करते हैं, और सुनिश्चित करते हैं कि हम परमिट या कानून के तहत जिनके भीतर रहने के लिए उत्तरदायी हैं उन सीमाओं से आगे नहीं जाते हैं।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं जहाँ भी संभाव्य हो अपशिष्ट को न्यूनतम करता/करती हूँ, सामग्री को रिसाइकल और पुनः उपयोग करता/करती हूँ और तभी यात्रा करता/करती हूँ जब आवश्यक हो।
- मैं अपनी साइट के पर्यावरण की सुरक्षा और संसाधनों के उपयोग के मानकों का पालन करता/करती हूँ।
- मैं उपकरण को सही तरीके से चलाता/चलाती हूँ, मूलभूत व्यवस्थाओं को बनाए रखता/रखती हूँ और केवल ऐसे सेन्सर और रक्षात्मक उपकरणों का उपयोग करता/करती हूँ जो सही तरह से कैलिब्रेट और रखरखाव किए हुए हों।
- मैं पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभाव तथा विधान के संदर्भ में संयंत्रों या प्रक्रियाओं में सभी परिवर्तनों (या संभाव्य परिवर्तनों) का मूल्यांकन करता हूँ।



# पर्यावरण

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र एक नयी साइट के उद्घाटन के कुछ ही समय पहले, आपको सूचित किया जाता है कि आपको पहले एक आवश्यक वायु उत्सर्जन परमिट प्राप्त करनी होगी। परमिट प्राप्त करने से साइट के उद्घाटन में देर हो जाएगी।**

उ हमारी साइटों को पूरा समय कम से कम लागू होने वाले कानूनों और नियमों के अनुपालन में होना चाहिए। इसलिए आपको जब तक सभी विनियामक परमिट प्राप्त न हो गई हों, आपको प्रचालन शुरू नहीं करना चाहिए। आपको तुरंत **आवाज़ उठानी** चाहिए ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वरिष्ठ प्रबंधन अतिरिक्त परमिट प्राप्त करने की आवश्यकता को जानते हैं।

**प्र एक नियमित निरीक्षण के दौरान आप देखते हैं कि एक जोखिमकारी सामग्री की टंकी खराब होने लगी है।**

उ हम जोखिमकारी सामग्री को ज़िम्मेदारीपूर्वक बनाए रखने को वचनबद्ध हैं, जिसमें रिसाव को रोकने ले किए सुरक्षित भंडारण शामिल है। आपको तुरंत अपने निरीक्षण के बारे में **आवाज़ उठानी** चाहिए ताकि लोगों और पर्यावरण की रक्षा के लिए टंकी को या तो ठीक किया जा सके या बदल दिया जा सके।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM EHS और वहनीयता स्थान
- समूह EHS निदेशक / मैनेजर
- साइट और क्षेत्र EHS मैनेजर
- समूह वहनीयता

# उत्पाद प्रबंधक पद

**हम समझते हैं कि हमारी ज़िम्मेदारी उत्पाद के पूरे जीवन के दौरान बनती है।**

हमारा लक्ष्य हमारे लोगों, हमारे उत्पादों के उपयोगकर्ताओं और पर्यावरण की रक्षा करना है, जिसके लिए हम संभव सब से अधिक सुरक्षित रासायनिक उत्पाद और प्रक्रियाएं उपयोग करते हैं जो कि वांछित टेक्नोलॉजी कार्यनिष्पादन प्रदान कर सकें। उत्पाद प्रबंधक पद की हमारी वचनबद्धता हमारे विस्तृत वहनीयता लक्ष्यों का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

इस प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, हम स्वीकार करते हैं कि हम जिन रसायनों का उपयोग और उत्पादन करते हैं उनका प्रबंधन ज़िम्मेदारीपूर्वक किया जाना चाहिए। हम अपने ग्राहकों को जिन उत्पादों की आपूर्ति करते हैं, वे अक्सर उपयोगकर्ता को पहुँचाये जाने वाले अंतिम उत्पाद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। हम अपने लिए उच्च मानक निर्धारित करते हैं: हमारे ग्राहक इस बात का साक्ष्य देखना चाहते हैं कि हम अपने उत्पादों में निहित किन्हीं भी जोखिमों को समझते हों, और यह कि उनके उपयोगों को समझ कर हम उनके अनुषंगी जोखिमों के प्रबंधन में उनकी सहायता कर सकते है।

इसका अर्थ है कि हम:

- हमारी साइटों पर जो रसायन होते हैं उन से जुड़े मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाले जोखिमों को पहचानते और समझते हैं।
- हमारी साइटों पर उपस्थित रसायनों से जुड़े जोखिमों के बारे में स्पष्ट जानकारी संचारित करते हैं।
- हमारे उत्पादों के प्रति एक जीवन चक्र अभिगम अपनाएं, हरेक चरण में उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों का मूल्यांकन करें: खोज, विकास, व्यवसायीकरण और विराम।
- जोखिमकारी रसायणों और उत्पादों के स्थान पर तकनीकी दृष्टि से समकक्ष (या बेहतर) लेकिन अधिक सुरक्षित विकल्प प्रदान करने के अवसर खोजें।
- हमारे प्रचालनों, खरीददारियों, सामग्री रख रखाव और आपूर्ति पर लागू सभी रसायन नियंत्रण विधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं इस बात की पुष्टि के बिना रसायन उत्पाद खरीदता/खरीदती, निर्माण करता/करती या उसकी आपूर्ति करता/करती नहीं हूँ कि उपयुक्त सुरक्षा आकलन और विनियामक समीक्षाएं पूरी कर ली गई हैं।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं मेरे कार्यक्षेत्रों में उपयोग किये जाने वाले रसायनों से संबंधित जोखिमों के बारे में अवगत हूँ, और यह कि मैं अपनी और अपने सहकर्मियों की सुरक्षा करने के लिए सुरक्षा संबंधी सुझावों का पालन करूँ।
- मैं रसायनिक उत्पादों के वास्तविक या संभावित असुरक्षित रखरखाव/उपयोग की स्थितियों के प्रति सतर्क हूँ और उपयुक्त चिंताएं उठाता/उठाती हूँ।

# उत्पाद प्रबंधक पद

जारी

## आप क्या करेंगे?

**प्र एक प्रमुख कच्ची सामग्री के लिए एक वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता की पहचान की गई है। आपूर्तिकर्ता अर्हता प्रक्रिया के दौरान इस संबंध में अनिश्चितताओं को देखा गया कि आपूर्तिकर्ता द्वारा अपने प्रचालन देश में रसायन पंजीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया गया है। JM इन आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए उत्तरदायी नहीं है।**

उ हम सत्यनिष्ठा से काम करने के लिए वचनबद्ध हैं, जिसमें हमारी आपूर्तिकर्ता श्रृंखला के शामिल व्यक्तियों द्वारा उनके विनियामक अनुपालन दायित्वों को पूरा किया जाना अनिवार्य बनाना शामिल है। हमारे ग्राहक भी इसकी अपेक्षा करते हैं। आपूर्तिकर्ता के साथ कानूनी आवश्यकताओं के संबंध में बात करें। यदि वास्तव में वे लागू होती हैं, और आपूर्तिकर्ता उनको पूरा नहीं कर सकता है, तो हमें वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता की खोज करनी चाहिए। हम उन आपूर्तिकर्ताओं से व्यवहार नहीं कर सकते जो कानून **का अनुपालन नहीं करते हैं।**

**प्र आपकी उत्पादन साइट पर एक नयी उत्पादन प्रक्रिया का उपयोग शुरू किया जा रहा है, जिसमें एक ऐसी कच्ची सामग्री का उपयोग होता है, जिसके रखरखाव का आपको कोई अनुभव नहीं है। आपूर्तिकर्ता सुरक्षा डेटा पत्रिका में जोखिमों और उसका किस तरह से सुरक्षित रखरखाव किया जा सकता है उसके केवल कुछ ही जानकारी है। व्यापार डिलीवरी के वादों को पूरा करने के लिए उत्पादन शुरू करने के लिए दबाव में है।**

उ **आवाज़ उठाएं।** यह बात साइट स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार व्यक्ति के ध्यान पर लाएं, जिन्हें सुनिश्चित करना होगा कि उपयुक्त सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो ताकि हमारे कच्ची सामग्री के उपयोग से हमारे लोगों या पर्यावरण को कोई जोखिम न हो। जहाँ जानकारी की कमी हो, वहाँ जोखिमों को पूरी तरह समझा जा सके तब तक JM को एहतियात का अभिगम अपनाना चाहिए।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- myJM उत्पाद नेतृत्व स्थल
- समूह EHS प्रबंधन संरचना (इसमें संबंधित उत्पाद प्रबंधक पद और रसायन संसर्ग प्रबंधन नीतियाँ और मार्गदर्शन शामिल हैं)
- समूह उत्पाद नेतृत्व मैनेजर
- साइट और क्षेत्र उत्पाद प्रबंधक पद और विनियामक मामले टीम

# सामुदायिक निवेश

**हमारा मानना है कि हमारे समुदायों में निवेश करना हम जिन स्थानों पर प्रचालन करते हैं उनको हमारी सामाजिक वचनबद्धता का एक प्रमुख हिस्सा है।**

एक नियोक्ता के रूप में, और उनमें आर्थिक रूप से और हमारे समय का निवेश कर के, हम अपने स्थानीय समुदायों के सामाजिक और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। हम युवाओं के लिए करियर के रूप में विज्ञान को प्रोत्साहन दे कर हमारे व्यापार के भावि विकास में सहायक होने का लक्ष्य भी रखते हैं। इन लक्ष्यों को सिद्ध करने के लिए, जॉनसन मैथे उसके सभी प्रचालनों को एक सामुदायिक निवेश कार्यक्रम अपनाने को प्रोत्साहित करते हैं। इससे सभी कर्मचारियों को स्थानीय समुदायों की सहायता करने और अच्छे कारणों के लिए धन जमा करने के लिए अपना समय देने के लिए प्रोत्साहित करता है और समर्थन भी प्रदान करता है।



# सामुदाय निवेश
जारी

हमारी सामुदायिक निवेश नीति उन गतिविधियों और प्राप्तकर्ताओं का वर्णन करती है जिन्हें हम सहायता करते हैं, और हमारे दानार्थ प्रयास और योगदान जॉनसन मैथे की विस्तृत नीतियों से टकराएं नहीं या हमारी प्रतिष्ठा को हानि न पहुँचाए, यह सुनिश्चित करने के लिए उस मानदंड का पालन किया जाना चाहिए।

JM प्रति वर्ष सभी कर्मचारियों को दो दिन की सवेतन छुट्टी देता है जब वे स्वयंसेवक के रूप में काम कर सकते हैं, जिसका विवरण कर्मचारी स्वयंसेवक प्रवृत्ति संबंधी नीति में है। इनका उपयोग 2025 तक कुल 50,000 स्वयंसेवक दिन सिद्ध करने के JM के एक वहनीय व्यावसायिक लक्ष्य में योगदान करने के लिए किया जा सकता है।

इसके उपरांत, JM कर्मचारियों द्वारा अनुदान संचयन में प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति £1,000 (या उसका स्थानीय समकक्ष) जोड़ता है।

### यह मुझ पर कैसे लागू होता है?

- मैं अवगत हूँ कि मैं अपनी साइट के सामुदायिक निवेश कार्यक्रम में कैसे हिस्सा ले सकता/सकती हूँ और स्थानीय समुदाय में या फिर किसी दानार्थ संगठन में या हिस्सा ले रही अनुदान संचयन गतिविधियों में किस तरह से स्वयंसेवक बन सकता/सकती हूँ।
- मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि किसी भी सामुदायिक निवेश का वचन देने से पहले मैं समूह की सामुदायिक निवेश नीति और कर्मचारी स्वयंसेवा नीति का पालन करूँ
- मैं निजी रूप से जो नागरिक या राजनैतिक गतिविधि करता/करती हूँ उसमें जॉनसन मैथे को शामिल नहीं करता/करती हूँ।



## आप क्या करेंगे?

**प्र एक दानार्थ संस्था जिसमें आप शामलि है, उसने एक वैज्ञानिक शिक्षा संगठन से साझेदारी की है और एक स्थानीय विद्यालय के लिए एक विज्ञान मेले का आयोजन कर रही है। आप स्वयंसेवक के रूप में काम करना चाहते हैं लेकिन विज्ञान दिवस का आयोजन कार्य दिवस को किया जा रहा है।**

उ अपने मैनेजर से बात कर के उन्हें उस गतिविधि की पार्श्वभूमि के बारे में जानकारी दें, उसमें हिस्सा लेने की अपनी इच्छा व्यक्त करें और फिर हिस्सा लेने के लिए उनकी स्वीकृति के लिए अपनी माँग myJM द्वारा ऑनलाइन भेजें। वैकल्पिक रूप से अपने लाइन मैनेजर या HR प्रतिनिधि को आपकी तरफ से ऑनलाइन माँग करने को कहें।

**प्र आपकी साइट को हाल ही में जॉनसन मैथे ने अधिग्रहित किया है और उसमें कोई सामुदायिक निवेश कार्यक्रम नहीं है। आप जॉनसन मैथे को आपके समुदाय में प्रभाव डालने में सहायता करने के लिए उत्सुक हैं।**

उ अपने मैनेजर और समूह कॉर्पोरेट संचार से कार्यक्रम शुरू करने के बारे में बात करें। आपके शामिलगीरी के वांछित स्तर के आधार पर, आप चाह सकते हैं कि आपको आपकी साइट पर सामुदायिक निवेश के लिए प्रमुख संपर्क बिंदु के रूप में काम करने के लिए 'कम्युनिटी चैम्पियन' (समुदाय समर्थक) के रूप में नामित किये जाने में रुचि हो सकती है।

**इस खंड से संबंधित जॉनसन मैथे के मूलभूत मूल्य:**

- लोगों और पृथ्वी की रक्षा करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- नवोत्पाद और सुधार करना
- हम जो करते हैं उसकी ज़िम्मेदारी लेना

**और अधिक सहायता और संसाधन**

- समूह समुदाय निवेश नीति
- जॉनसन मैथे उत्तरी अमरीका समुदाय निवेश स्वयंसेवा नीति
- कर्मचारी स्वंयसेवा नीति
- कारोबार स्थल समुदाय चैम्पियन
- समूह कॉर्पोरेट संचार

# संहिता विषय और नीति संबंधी मार्गदर्शिका

| संहिता के भाग | विषय | नीतियाँ और संसाधन |
|---|---|---|
| **लोग**<br>मैं सुरक्षित रूप से कार्य करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने के प्रति वचनबद्ध हूँ | स्वास्थ्य और सुरक्षा | • समूह EHS नीति<br>• समूह जीवन बचाने संबंधी नीतियाँ |
| | एक सकारात्मक कार्य परिवेश | • साथ मिल कर काम करना समूह HR नीति<br>• समान अवसर समूह HR नीति |
| | डेटा संरक्षण | • डेटा संरक्षण नीति<br>• डेटा गोपनीयता नीति<br>• जानकारी सुरक्षा नीति |
| | मानव अधिकार | • साथ मिल कर काम करना समूह HR नीति<br>• समान अवसर समूह HR नीति<br>• जॉनसन मैथे पीएलसी आधुनिक गुलामी संबंधी वक्तव्य<br>• जॉनसन मैथे आपूर्तिकर्ता आचार संहिता |
| | हितों का टकराव | • हितों के टकराव संबंधी नीति<br>• स्थानीय उपहार और आतिथ्य संबंधी नियम<br>• समूह खरीदारी नीति |
| **बाज़ार**<br>मैं उत्तरदायी, न्यायोचित और कानून के अनुसार कारोबार करने के प्रति वचनबद्ध हूँ | तृतीय पक्ष | • वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति<br>• वैश्विक उच्च जोखिम लेन-देन संबंधी नीति और प्रक्रिया<br>• समूह आर्थिक अपराध और धनशोधन रोधी नीति<br>• समूह व्यापार और निर्यात नियंत्रण नीति<br>• सभी संबंधित उचित जाँच प्रक्रियाएं<br>• जॉनसन मैथे आपूर्तिकर्ता आचार संहिता |
| | रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार | • वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति<br>• वैश्विक उच्च जोखिम लेन-देन संबंधी नीति और प्रक्रिया<br>• तृतीय पक्ष प्रतिनिधि जोखिम की समीक्षा प्रक्रिया |
| | उपहार और आतिथ्य | • वैश्विक रिश्वत-रोधी तथा भ्रष्टाचार नीति<br>• स्थानीय उपहार और आतिथ्य संबंधी नियम |
| | न्याययुक्त प्रतिस्पर्धा | • वैश्विक प्रतिस्पर्धा कानून संबंधी नीति और मार्गदर्शन<br>• आपके व्यापार के लिए JM प्रतिस्पर्धा कानून मार्गदर्शिका |
| | वित्तीय अपराध | • समूह आर्थिक अपराध और धनशोधन रोधी नीति |
| | व्यापार और निर्यात नियंत्रण | • समूह व्यापार और निर्यात नियंत्रण नीति<br>• जॉनसन मैथे उत्तरी अमेरिका आयात एवं निर्यात व्यापार अनुपालन नियमपुस्तिकाएं<br>• समहू हस्त/निर्वाह नीति |

| संहिता के भाग | विषय | नीतियां और संसाधन |
|---|---|---|
| **कंपनी**<br>मैं जॉनसन मैथे की ब्रांड, सम्पत्तियों तथा प्रतिष्ठा की संरक्षा करने के प्रति वचनबद्ध हूं | भौतिक संपत्तियां | • समूह सुरक्षा नीति<br>• डेटा संरक्षण नीति<br>• जानकारी सुरक्षा नीति |
| | जानकारी सुरक्षा | • स्वीकार्य उपयोग नीति<br>• जानकारी सुरक्षा नीति<br>• जानकारी वर्गीकरण नीति<br>• डेटा संरक्षण नीति |
| | बौद्धिक संपदा | • प्रकाशन के लिए स्वीकृति प्रक्रिया<br>• अन्वेषण घोषणा फॉर्म (इन्वेन्शन डिस्क्लोज़र फॉर्म) जमा कराने के लिए निर्देश<br>• क्षेत्र/व्यापार बौद्धिक संपदा सुरक्षा और गोपनीय जानकारी नीतियां |
| | व्यापार और वित्तीय रिपोर्ट देना | • समूह नियंत्रण नियम पुस्तिका<br>• समूह अधिकरण वक्तव्य<br>• स्थानीय समूह की यात्रा एवं खर्च संबंधी नीतियां |
| | रिकॉर्ड की सटीकता | • ग्रूप नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें |
| | बाह्य संचार करना | • बाह्य संचार नीति |
| | सोशल मीडिया | • सोशल मीडिया मार्गदर्शक रूपरेखा |
| | अंदरूनी जानकारी | • अंदरूनी जानकारी नीति<br>• जॉनसन मैथे शेयर के लेनदेन संबंधी संहिता |
| **ग्रह**<br>मै जॉनसन मैथे की एक वहनीय भवषि्य बनाने की आकांक्षा का समर्थन करने को वचनबद्ध हूँ। | हमारी आपूर्तत श्रृंखला की सत्य नष्ठिा | • जॉनसन मैथे पीएलसी आधुनकि गुलामी संबंधी वक्तव्य<br>• जॉनसन मैथे आपूर्तकिर्ता आचार संहता<br>• जॉनसन मैथे का संघर्षजन्य खनजिों को प्रतभिाव |
| | पर्यावरण | • समूह ईएचएस नीत<br>• समूह जीवन बचाने संबंधी नीतियां<br>• ऊर्जा प्रबंधन नीत P52<br>• समूह वहनीयता नीत<br>• 2025 के लए वहनीय व्यावसायकि लक्ष्य |
| | उत्पाद प्रबंधक पद | • उत्पाद प्रबंधक पद संबंधी नीत<br>• समूह वहनीयता नीत<br>• 2025 के लए वहनीय व्यावसायकि लक्ष्य<br>• नये उत्पाद की प्रस्तुत (NPI) – उत्पाद प्रबंधक पद संबंधी नीत<br>• प्रतबिंधति पदार्थ प्रबंधन (RSM) नीत<br>• जॉनसन मैथे आपूर्तकिर्ता आचार संहता<br>• समूह खरीदारी नीत<br>• तृतीय पक्ष प्रतनिधि जोखमि की समीक्षा प्रक्रया |
| | समुदाय नविश | • समुदाय नविश नीत<br>• जॉनसन मैथे उत्तरी अमरीका समुदाय नविश स्वयंसेवा नीत<br>• समूह वहनीयता नीत<br>• 2025 के लए वहनीय व्यावसायकि लक्ष्य |

सभी नितियों को myJM पर समूह नीति और अनुपालन (Group Ethics and Compliance) साइट द्वारा देखा जा सकता है।

Johnson Matthey
Inspiring science, enhancing life